वर्ष : 37 अंक: 259 मुरैना • मंगलवार 29 अप्रैल 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# मंत्री शिवराज ने देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों से किया संवाद

## कृषि के इन छह सूत्रों पर दिया खास जोर



नई दिल्ली (ए.)।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नई दिल्ली में देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) से वर्चुअल संवाद किया। केंद्रीय मंत्री चौहान की पहल पर आयोजित इस अभिनव संवाद कार्यक्रम में सभी केवीके के चल रहे प्रयासों, उनकी भूमिका और भावी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सभी केवीके से किसान उन्मुख प्रयासों में तेजी लाने की बात कही, साथ ही कहा कि खेती-किसानी की उन्नति में केवीके सशक्त माध्यम के रूप में भूमिका निभाएं। मंत्री ने कहा, केवीके कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। खरीफ की बुआई से पहले सभी केवीके और आईसीएआर, राज्य सरकारों के साथ मिलकर किसान जागरूकता अभियान चलाएं। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और किसानों के हितों के मद्देनजर उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले केवीके को पुरस्कृत किए जाने के प्रस्ताव पर भी विचार हुआ।

केंद्रीय मंत्री के इस संवाद में देशभर के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुखों के साथ ही कृषि वैज्ञानिक शामिल हुए। इनमें से कुछ ने केवीके की उपलब्धियां बताई, वहीं अपने सुझाव भी दिए। आईसीएआर-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) जोधपुर (राजस्थान), अटारी हैदराबाद (आंध्र प्रदेश), अटारी पटना (बिहार), अटारी जबलपुर (मध्य प्रदेश) के अलावा मंडी (हिमाचल प्रदेश), नंदुरबार (महाराष्ट्र), खुर्दा (ओडिशा), मोरीगांव (असम) और लक्षद्वीप के केवीके प्रमुखों ने अपने-अपने क्षेत्र विशेष के अनुसार अपने कामकाज, उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं के बारे में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को जानकारी दी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट और उप महानिदेशक (प्रसार) डॉ. राजबीर सिंह ने प्रारंभ में केवीके के संबंध में रूपरेखा बताई।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि, कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अभियान स्वरूप कार्य करने की आवश्यकता है। कृषि व्यापक क्षेत्र है। प्रत्यक्ष रूप से लगभग 45 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है और हमारी जीडीपी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र से ही आता है, इसलिए इस व्यापक भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए हमें लगातार प्रभावशाली प्रयास करने होंगे।

केवीके प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे प्रशिक्षण और जागरूकता के माध्यम से हम किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना सकते है। किसानों को मृदा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उर्वरक के संतुलित इस्तेमाल की मात्रा के अनुसार उचित एडवाइजरी देते हुए खेती करवाने की दिशा में आगे काम करने के लिए कहा।

कृषि मंत्री चौहान ने कृषि के लिए 6 सूत्रीय रणनीति, जिसमें उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, फसलों के ठीक दाम, नुकसान की भरपाई, खेती का विविधीकरण और प्राकृतिक खेती शामिल है पर भी मार्गदर्शन दिया।उन्होंने कहा प्राकृतिक खेती में हमें उच्च मापदंड स्थापित करके दिखाना है। खाद्यान्न उत्पादन के लिए बेहतर बीजों, नए शोध, नई तकनीकों के प्रयोग पर बल दिया और इसी क्रम में और अधिक मॉडल फार्म बनाने और नए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से भी किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रयास करने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी के विजन को दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कृषि मंत्री कहा कि ÷प्रति बूंद अधिक फसल÷ के लिए और अधिक

# केदारनाथ की चलविग्रह डोली ने अपने दिव्य धाम की ओर प्रस्थान किया

## आर्मी बैण्ड की भक्तिमय धुनों, हजारों भक्तों का उत्साह चरम पर

ओंकारेश्वर (ए.)।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। 2 मई दिन शुक्रवार से शुरू होने जा रही केदारनाथ यात्रा को लेकर भी उत्साह चरम पर है। सोमवार को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से बाबा केदारनाथ की चलविग्रह डोली ने अपने दिव्य धाम की ओर प्रस्थान कराया गया है। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे और क्षेत्र बाबा केदारनाथ की जय-जयकार से गूंज उठा। बाबा केदारनाथ की चलविग्रह डोली का प्रस्थान होना एक पौराणिक परंपरा है और इसके साथ केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रकिया भी



शुरू हो जाती है। 27 अप्रैल को बाबा केदरनाथ के क्षेत्रपाल भैरवनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई और 28 अप्रैल को चलविग्रह डोली ने अपने दिव्य धाम की ओर प्रस्थान कर गई। दरअसल, बाबा केदारनाथ की चलविग्रह डोली उखीमठ में 6 माह के लिए रुकती है, जहां पूजा-अर्चना होती है और जब कपाट खुलने का ऐलान होता है, तब फिर यह डोली वापस केदारनाथ धाम लौट आती है। सोमवार की सुबह 'बाबा केदारनाथ की उत्सव डोली' आर्मी बैण्ड की भक्तिमय धुनों, हजारों भक्तों के उत्साह और भोले के जयकारों के साथ अपने प्रथम पड़ाव विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान हुई।

श्री केदार बाबा की पंचमुखी डोली विभिन्न पड़ावों से होकर 1 मई को केदारनाथ धाम पहुंचेगी, 2 मई को सुबह 7 बजे केदारनाथ के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस, मंदिर समिति के अधिकारी, कर्मचारी, तीर्थ पुरोहितों सहित हजारों भोले भक्त मौजूद रहने वाले है।

### मुर्शिदाबाद दंगों में तोड़े गए मंदिरों का निर्माण कराएगी भाजपा

**नई दिल्ली (ए.)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और आसपास के इलाकों में पिछले दिनों सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। इसमें हुई हिंसा में इलाके के कई हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया था और इनमें तोड़फोड़ हुई थी। भाजपा ने इन दंगों में क्षतिग्रस्त हुए हिंदू मंदिरों के निर्माण का निर्णय लिया है। यह कार्य अक्षय तृतीया (30 अप्रैल) की शुभ तिथि से शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में लगभग साल भर बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं।

# तब राहुल गांधी चाहते तो देश के प्रधानमंत्री बन सकते थे, लेकिन....

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किस्सा सुनाया

**जयपुर (ए.)।** कांग्रेस ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में संविधान बचाओ रैली की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित कई दिग्गज मंच पर हैं। इस बीच राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक किस्सा सुनाया। उन्होंने दावा किया कि साल 2009 में अगर राहुल गांधी चाहते तो देश के



प्रधानमंत्री बन सकते थे। गहलोत ने कहा कि यह बात तब मनमोहन सिंह ने कही थी जयपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली में बोलते हुए अशोक गहलोत ने बताया कि अगर राहुल गांधी 2009 में चाहते तो पीएम बन जाते। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बताया था।

## एक नजर

### कोर्ट की केंद्र को फटकार- आप बड़े-बड़े राजमार्ग बना रहे

**नई दिल्ली (ए.)।** सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना में देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि आप बड़े-बड़े राजमार्ग बना रहे हैं, लेकिन वहां सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए को 1 अप्रैल, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए लागू किया गया था। लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत देने के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया। पीठ ने सवाल करते हुए कहा, आप अवमानना कर रहे हैं। आपने समय बढ़ाने की मांग करने की जहमत नहीं उठाई। यह क्या हो रहा है? आप हमें बताएं कि आप योजना कब बनाएंगे? आपको अपने खुद के कानूनों की परवाह नहीं है। यह कल्याणकारी प्रावधानों में से एक है। इस प्रावधान को लागू हुए तीन साल हो गए हैं। क्या आप वाकई आम आदमी के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं?

### सिंधु जल संधि तोड़ने से पाकिस्तान के कंटेंट पर बैन तक

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लोगों में गुस्सा है। सरकार ने अलग-अलग स्तर पर कई कदम उठाए हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बीच भारत कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान को घेरने में जुटा है। भारत के इन कदमों को दुनिया के कई देशों का भी समर्थन मिला है। भारत के सख्त तेवर से पाकिस्तानी बौखलाए हुए हैं। इस बौखलाहट में कई बेतुके बयान भी सीमा पार से आ रहे हैं। यहां तक कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने तो यहां तक कह दिया कि यह हमला भारत ने खुद कराया है। ऐसे में यह जानना अहम है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से अब तक क्या-क्या हुआ है? भारत ने कौन-कौन से कदम उठाकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने वाले पड़ोसी को घेरा है? इस सिलसिले में भारत की सबसे ताजा कार्रवाई क्या है? राजनीतिक स्तर पर कैसे नेता और सियासी दल एकजुट हुए हैं?

## पटना जिले में 13 लाख, 25 हजार 956 लोगों के भूमि रिकॉर्ड्स को आधार से लिंक किया

पटना (ए.)। पटना जिले में भूमि के फर्जीवाड़े और विवादों को रोकने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 13 लाख 25 हजार 956 लोगों के भूमि रिकॉर्ड्स को आधार से सफलतापूर्वक लिंक किया गया है।

जिले में कुल 17 लाख 45 हजार 257 लोगों ने भूमि रिकॉर्ड्स को आधार से जोड़ने के लिए आवेदन दिया था। शेष चार लाख 19 हजार 301 आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है, जिनमें से एक लाख 25 हजार 788 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है और इनका लिंक होना लंबित है।

अभियान के तहत पालीगंज और मसौढ़ी अंचलों में सबसे अधिक भूमि रिकॉर्ड्स को आधार से सीड किया गया है। पालीगंज में 75,121 और मसौढ़ी में 74,855 लोगों के भूमि रिकॉर्ड्स को आधार से जोड़ा गया है। इसके अलावा पुनपुन में 67,835, बांकीपुर में 59,380 और धनरुआ में 57,840 रिकॉर्ड्स का आधार से सीडिंग पूरा हो चुका है।

# भाषण के दौरान लोगों ने किया हंगामा, तो सिद्धारमैया ने आपा खोया

## एसपी को थप्पड़ मारने के लिए उठाया हाथ

बेलगावी (कर्नाटक) (ए.)।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सोमवार को उस समय गुस्से में आ गए, जब कुछ लोगों ने उनके भाषण के दौरान हंगामा किया। ये लोग कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता थे। इस दौरान सिद्धारमैया ने गुस्से में मंच पर एक पुलिस अधिकारी को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाया। कांग्रेस और आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, विरोध कर रहे लोगों ने बड़ी भीड़ के बीच काला झंडा दिखाया और कुछ नारे लगाए। सिद्धारमैया इससे गुस्से में आ गए और उन्होंने पुलिस अधिकारी को अपने मंच पर बुलाते हुए कहा, आओ यहां..कौन



है एसपी? क्या कर रहे हो? इसके बाद मुख्यमंत्री गुस्से में पुलिस अधिकारी की ओर हाथ उठाते हैं, लेकिन पुलिस अधिकारी तुरंत पीछे हट जाते हैं। फिर सिद्धारमैया उन्हें उन लोगों को हटाने का आदेश देते हैं, जो उनके लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। सिद्धारमैया अपना आपा खो देते हैं। हालांकि, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के.पाटिल उन्हें शांत करने की कोशिश करते हैं। इसके बाद वह मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर से भी सवाल करते हुए दिखाई देते हैं, जो बेलगावी से हैं। मुख्यमंत्री संविधान बचाओ और महंगाई विरोधी रैली को संबोधित कर रहे थे, जिसमें कांग्रेस के कई नेता और उनके कैबिनेट मंत्री मौजूद थे।

### उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने दी भाजपा को चेतावनी

शिवकुमार ने आगे कहा, मैं भाजपा को चेतावनी देना चाहता हूं। अगर आप इसे सुधारते हैं, तो ठीक है। अगर यह रवैया जारी रहता है, तो राज्य की जनता और भगवान ने मुझे ताकत दी है कि हम इससे बड़ी कार्रवाई करके जवाब देंगे, जैसा आपने किया है। यह एक चेतावनी है। अपनी पार्टी और कार्यकर्ताओं में सुधार करें, नहीं तो हम आपके कार्यक्रमों को कहीं भी आयोजित नहीं होने देंगे। हम इसका मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

### सीबीआई ने सीएम विजयन के मुख्य प्रधान सचिव के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**तिरुवनंतपुरम(ए.)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केरल के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव और केआईआईएफबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के.एम. अब्राहम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्राथमिकी दर्ज की। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने तीन शहरों में संपत्ति जमा की हैं।
प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपी ने आय से कहीं अधिक संपत्ति जमा की हैं। इनमें तिरुवनंतपुर के थायकॉड गांव में एक करोड़ का फ्लैट, मुंबई की कोहिनूर सिटी में एक और तीन करोड़ का फ्लैट और कोल्लम जिले के कडप्पकडा में आठ करोड़ का एक शॉपिंग कॉम्पलैक्स शामिल है।

# भारत को मिलेंगे 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान

## पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्ते के बीच भारत और फ्रांस ने सोमवार को दिल्ली में 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। इससे पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री खुद हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत कारणों से अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी।



राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29 के बेड़े का सहयोग करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में खरीदे गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित कर रही है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं। इस नए सौदे से भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी, जिससे देश के 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय विमानवाहक पोतों, विशेष रूप से आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा

## नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन : मुख्यमंत्री

**रायपुर (ए.)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में छत्तीसगढ में नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। बैठक में गृह मंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री अरुण देव गौतम, विशेष डीजी नक्सल ऑपरेशंस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति और नक्सल उन्मूलन अभियानों की प्रगति रहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री श्री



नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी के कारण आज प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं।

उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को और ऊंचा बनाए रखने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतिम सफलता अब बहुत निकट है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय और सूचना संकलन तंत्र को मजबूत किया करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

# समूह की महिलाओं को पंचायत सखी की भूमिका का दायित्व सौपे-डीएम

## जलकर के साथ बिजली बिल कलेक्शन भी करें, समय सीमा की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेऊट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि नलजल योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी पूरी तरह से स्वसहायता समूहों को सौपी जायें, एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह नलजल योजनाओं का न केवल संचालन करें, बल्कि प्रतिमाह जलकर की वसूली भी करें, इसके साथ ही बिजली बिल की राशि का कलेक्शन करने के कार्य से भी महिलाओं को जोडा जायें। इसके साथ ही उन्होने कहा कि प्रत्येक गांव में समूह की महिला को पंचायत सखी की भूमिका का दायित्व सौपा जायें, जो पंचायत से संबंधित कार्यो में ग्रामीणजनों का सहयोग प्रदान करेंगी। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि प्रत्येक गांव में समूह से जुडी महिला को पंचायत सखी का दायित्व दिया जायें, पंचायत सखी ग्रामीणों को पंचायत से संबंधित कार्य जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पात्रता पर्ची, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना सहित अन्य योजनाओं में लाभ दिलाने के लिए सहयोग प्रदान करेंगी। पंचायत सखी ग्राम के पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं में लाभ दिलाने के लिए समन्वय तो करेगी ही साथ ही ग्रामीणजन को मनरेगा में मजदूरी दिलाने, पंचायत अंतर्गत संचालित अभियानों एवं कार्यक्रमों से लोगों को जोडने का कार्य भी करेंगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि नलजल योजनाओं का संचालन समूहों को दिया जायें। स्वसहायता समूह ग्रामीण क्षेत्र में नलजल योजनाओं का संचालन करेंगे तथा ग्रामीणों से जलकर की वसूली भी करेंगे। इसके साथ ही बिजली बिलों की राशि जमा करने का कार्य भी समूहों को दिया जायें, एमपीईबी द्वारा निर्धारित कमीशन राशि संबंधित को प्रदान की जायेगी। इसके अलावा समूह की महिलाओं को बैंक करस्पोंन्डेट का दायित्व भी दिया जायेंगा, जो बीसी के रूप में कार्य करते हुए बैंक ट्रांजेक्शन का कार्य करेंगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में टायलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जायें, आवश्यकतानुसार मौजूद टॉयलेट की मरम्मत कराई जाये तथा जिन स्कूलों में टॉयलेट नही है, वहां नये टॉयलेट बनाये जायें। इसके लिए शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल के लिए 20 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई है। उन्होने निर्देश दिये कि विभाग अंतर्गत आने वाले कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलो में टॉयलेट सुविधा सुनिश्चित की जायें, इसके तहत बालिका टॉयलेट के कार्य प्राथमिकता से किये जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान छात्रावासों, आश्रमों के निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि जिन-जिन अधिकारियों को छात्रावासों, आश्रमों तथा मिड-डे मील के निरीक्षण का दायित्व सौपा गया है, वे निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस अवसर पर सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण सहित टीएल मार्क प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शालाओं के माध्यम से मिलेगी आयरन फोलिक एसिड

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 5 से 19 वर्ष के बच्चों व किशोरों में एनीमिया की रोकथाम हेतु जिले के सभी शासकीय एवं ब्लॉक कराहल के सभी शासकीय तथा निजी शालाओं के माध्यम से आयरन फोलिक एसिड (आई.एफ.ए.) की गोलियाँ वितरित की जाएंगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को घरों में सेवन के लिए आई.एफ.ए. गोलियों का वितरण सुनिश्चित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिलीप सिकरवार ने कहा कि कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को गुलाबी गोली तथा कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को नीली गोली साप्ताहिक रूप से दी जाएगी। प्रत्येक छात्र को अवकाश की अवधि (अनुमानित 6 से 8 सप्ताह) के लिए एक-एक स्ट्रिप वितरित की जाएगी जिससे वे हर मंगलवार को घर पर गोली का सेवन कर सकें। जिस हेतु ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूहों, स्थानीय धर्मगुरुओं एवं पंचायती राज संस्थाओं की भागीदारी से समुदाय में जागरूकता कार्यक्रम संचालित होंगे। साथ ही सी.एच.ओ., ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण सत्रों का आयोजन कर गोलियों के सेवन के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे। घर-घर भ्रमण कर बच्चों एवं किशोरों को गोलियों का नियमित सेवन कराने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

**आई.एफ.ए. गोली सेवन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश**

गोली का सेवन भोजन के एक घंटे बाद करें। गोली को पानी या नींबू पानी के साथ निगलें। गोली सेवन के एक घंटे पूर्व और एक घंटे बाद तक चाय, कॉफी, दूध अथवा सोडा जैसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। भोजन में विटामिन सी युक्त फल व सब्जियाँ (नींबू, अमरूद, आंवला, संतरा, हरी मिर्च, धनिया आदि) शामिल करें। यदि बच्चे को बुखार, उल्टी, दस्त अथवा सर्दी हो तो गोली का सेवन अस्थायी रूप से रोका जाए।गोली सेवन से हल्की जी मिचलाने या पेट दर्द की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो सामान्य एवं अस्थायी है। गोली का सेवन बंद न करें। शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त निगरानी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर गोलियों के वितरण एवं अनुपालन की समीक्षा की जाएगी।

संभागीय समन्वयक (एविडेंस एक्शन) श्री ऋषिकांत पांडेय ने बताया कि एनीमिया की व्यापकता को दृष्टिगत रखते हुए इस अभियान को जनसमुदाय तक पहुँचाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएंगे ताकि जिले को एनीमिया मुक्त बनाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त हो सके इसके लिए समस्त शिक्षक, अभिभावकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों से सहयोग के लिए आह्वाहन किया जा रहा है।

# ग्राम लीलदा (वीरपुर तहसील) में अंतिम संस्कार स्थल संबंधी उत्पन्न स्थिति पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही



**श्योपुर ब्यूरो।** आज ग्राम लीलदा में स्वर्गीय श्री जगदीश जाटव के अंतिम संस्कार के दौरान उत्पन्न अस्थाई असमंजस की स्थिति के संबंध में जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेकर समाधानात्मक कदम उठाए हैं। रेलवे ब्रॉडगेज परियोजना के अंतर्गत शमशान भूमि का अधिग्रहण हो जाने के कारण अंतिम संस्कार हेतु परंपरागत स्थल अनुपलब्ध था। समाजजन द्वारा समीपस्थ शासकीय भूमि पर वैकल्पिक रूप से दाह संस्कार की तैयारी की गई, जिस पर कुछ लोगों द्वारा आपत्ति जताई गई, इससे ग्राम में सीमित समय के लिए असहज स्थिति बनी।

**जिला प्रशासन द्वारा तत्काल उठाए गए कदम**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीएम वीरपुर, पुलिस बल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। दोनों समाजों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया। स्वर्गीय श्री जगदीश जाटव का अंतिम संस्कार पूरी गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न कराया गया। भविष्य में इस प्रकार की स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ग्राम में स्थायी शमशान स्थल के चिन्हांकन एवं विकास हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन श्योपुर सदैव संवेदनशीलता, त्वरितता एवं निष्पक्षता के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए प्रत्येक नागरिक के अधिकारों एवं परंपराओं का सम्मान करता है। समस्त ग्रामवासियों से आग्रह करते हुए परस्पर सौहार्द बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग प्रदान हेतु अपील की गई। आवश्यकतानुसार शीघ्र ही सभी संबंधित समाजों से संवाद कर, शमशान हेतु उपयुक्त वैकल्पिक भूमि चिन्हित कर उसका सीमांकन एवं विधिवत विकास कार्य कराया जाएगा। जिला प्रशासन इस अवसर पर ग्राम लीलदा के नागरिकों द्वारा प्रदर्शित संयम और सहयोग के लिए आभारी है, भविष्य में भी जनभावनाओं एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# गुप्तेश्वर पर दूसरे दिन भी स्वच्छता श्रमदान आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेऊट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत जिलेभर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के विभिन्न कार्य संचालित है, इसी क्रम में आज शहर की कदवाल नदी गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर आज दूसरे दिन भी स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया। नगरपालिका परिषद श्योपुर एवं ग्राम पंचायत बगवाज के तत्वाधान में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कदवाल नदी पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुप्तेश्वर मंदिर के घाट पर साफ-सफाई की गई तथा प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर पर भी साफ-सफाई का कार्य किया गया। नदी के आसपास भी श्रमदानियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्री जुगल मेहरा, श्री अकबर अली दाउदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राधे रमन यादव, स्काउट कमिश्नर श्री ओपी सिकरवार, श्री गिर्राज शर्मा, नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी श्री अरविन्द पाराशर, स्वास्थ्य निरीक्षक श्री शिशुपाल सिंह तोमर, श्री शेखावत अली, श्री राहत अली, श्री कमल सिंह गौतम, श्री सियाराम यादव, श्री योगेन्द्र यादव, श्री राम अवतार शर्मा, श्री भास्कर टकसाली, श्री विप्लव शर्मा, श्री बृजनेश सिंह परिहार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बाल विवाह रोकने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**भिण्ड ब्यूरो।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भिण्ड ने बताया कि अक्षय तृतीया'' 30 अप्रैल 2025 विवाह मूहूतों के अवसरों के दौरान होने वाले विवाहों में बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसमें श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा (ऑकडा विश्लेषक) मो0 नं0 8319520549 एवं श्री आनन्द मिश्रा (लेखापाल) मो0 नं0 9977516253 को रखा गया है। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह होने संबंधी स्पष्ट जानकारी प्राप्त होती है, तो उक्त नम्बरों पर फोन अथवा व्हॉट्सअप कर या संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अथवा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को अवगत कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि खण्ड स्तर पर भी बाल विववाह रोकने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में समितियों का गठन किया गया है। उक्त समितियां बाल विवाह रोकने संबंधी कार्य करेंगी।

# लाटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** सीएम राईज विद्यालय श्योपुर में लाटरी के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पालको के समक्ष पारदर्शितापूर्ण तरीके से संपन्न की गई। सीएम राईज विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल ने बताया कि विद्यालय की रिक्त सीटो पर प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जिन कक्षाओं में रिक्त स्थानों की अपेक्षा अधिक आवेदन प्राप्त हुए उन कक्षाओं में प्रवेश के लिए पालको के सामने लाटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई। चयन के अलावा प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई है। उन्होने बताया कि अंग्रेजी माध्यम कक्षा 1 में 30 तथा कक्षा 2, 3 में 6-6, कक्षा 4 में 14 तथा कक्षा 6 में 50 विद्यार्थियों का चयन लाटरी प्रक्रिया से किया गया। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम की कक्षा 6,7 में शासकीय विद्यालयों से प्राप्त सहमति के आधार पर सभी विद्यार्थी चयनित किये गये। कक्षा 8 में 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया तथा एक प्रतीक्षा सूची में रहा है। उन्होने कहा कि सभी चयनित विद्यार्थी 2 जून से 6 जून तक अपने दस्तावेज विद्यालय में जमा करेंगे। लाटरी प्रक्रिया के दौरान बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, बीएसी श्री हरि प्रसाद जाटव, प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल, समिति सदस्य श्री राजेश कुमार शर्मा, श्री नितिन मंगल, श्री विजय कुमार शर्मा, श्री सोनू जैन, श्री महावीर गुर्जर, श्री शुभम शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

# बाल विवाह रोकने हेतु जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों का गठन

**भिण्ड ब्यूरो।** अक्षय तृतीया'' 30 अप्रैल 2025 विवाह मुहूतों के अवसरो को केन्द्रित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष जागरूकता अभियान चलाया जाता है। तदनुसार इस वर्ष भी होने वाले विवाह, सामूहिक विवाह 30 अप्रैल 2025 अक्षय तृतीया विवाह मुहूतों के अवसर पर बाल विवाह रोकने हेतु एवं बाल विवाह के प्रकरण पाये जाने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति में अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भिण्ड को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समित भिण्ड के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिण्ड, सीएसपी भिण्ड, तहसीलदार भिण्ड, सिविल सर्जन भिण्ड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड, प्र. परियोजना अधिकारी एबावि परि.भिण्ड शहरी एवं परियोजना अधिकारी एबावि परि.भिण्ड ग्रामीण को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति गोहद के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोहद, एसडीओपी गोहद, तहसीलदार गोहद, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गोहद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद, परियोजना अधिकारी एबावि परि.गोहद एवं परियोजना अधिकारी एबावि परि.मौ को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति मेहगांव के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मेहगांव, एसडीओपी मेहगांव, तहसीलदार मेहगांव, खण्ड चिकित्सा अधिकारी मेहगांव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव, परियोजना अधिकारी एबावि परि.मेहगांव एवं प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि.गोरमी को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति अटेर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अटेर, एसडीओपी अटेर, तहसीलदार अटेर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी अटेर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर, परियोजना अधिकारी एबावि परि.अटेर एवं परियोजना अधिकारी एबावि परि.बरोही को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति लहार के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार, एसडीओपी लहार, तहसीलदार लहार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी लहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लहार, परियोजना अधिकारी एबावि परि.लहार को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति रौन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार, एसडीओपी लहार, तहसीलदार रौन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी रौन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन, प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि.रौन को शामिल किया गया है। बालक/बालिकाओं की उम्र संबंधी दस्तावेजो का प्रतिपरीक्षण स्कूल की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आंगनबाडी केन्द्र के रिकार्ड से किया जावे। इन दस्तावेजो के अभाव में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मेडीकल प्रमाण पत्रों को मान्य किया जाये। अनुविभागीय अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में विभिन्न समाजों के होने वाले वाले सामूहिक विवाह सम्मेलनों की स्वीकृति वर-वधू की आयु संबंधी दस्तावेजो के सत्यापन उपरांत ही प्रदान करेंगे।

# शेष नल कनेक्शन का कार्य जल्द से जल्द हर हाल में पूरा किया जाए - कलेक्टर

## कलेक्टर ने नल जल योजना अंतर्गत पीएचई विभाग अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक ली



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, ई.ई. पीएचई श्री आर.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वीकृत नल जल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा कर कहा कि इसके क्रियान्वयन में शिथिलता या कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और जवाबदेही तय करते हुए संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने ई.ई. पीएचई को निर्देशित कर कहा कि किसी अधिकारी या ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तो उनकी सूची दें, उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि नल जल योजनान्तर्गत अब जितने भी शेष नल कनेक्शन रहे हैं। सभी का कार्य जल्द से जल्द हर हाल में पूरा किया जाए। यदि कहीं समस्या है तो अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि शेष नल कनेक्शन की जानकारी सभी डिवीजन अधिकारियों से एकत्रित कर प्रस्तुत करें, एक सप्ताह में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ई.ई. पीएचई को निर्देशित कर कहा कि सभी डिवीजन में हफ्ते में पांच दिन गांव-गांव में जाकर कैम्प लगाकर कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि सभी आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, 04 मई तक अच्छा कार्य कर काम में प्रगति लाएं अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# विशेष नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत मॉडल स्कूल, भिण्ड में हुआ

## विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार तथा श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के निर्देशानुसार एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के कुशल मार्गदर्शन में मॉडल स्कूल, भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित श्री पकंज चतुर्वेदी, जिला न्यायाधीश भिण्ड द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नशीले पदार्थो की लत एक व्यापक समस्या है। यह दुनिया भर में कई लोगों को प्रभावित करती है। लोगों में नशे की लत जल्दी से विकसित हो जाती है और एक बार नशे की आदत लगने के बाद इसे रोकना मुश्किल हो जाता है इसलिए हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम अपने आस-पास के लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत करवाये जिससे वे नशे से दूर रहकर अपने एवं अपने परिवार का उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। इसके अतिरिक्त न्यायाधीश द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की ऐसी घटना होने पर तुरंत अपने अध्यापक एवं अपने परिवारजन को उसके बारें में अवगत कराने चाहिए। इसके साथ ही सभी बच्चों को चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसी क्रम में उपस्थित श्री देवेश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड द्वारा बच्चों को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराधों के बारें में सरलतम भाषा में जानकारी दी गई तथा ऐसे किसी भी अपराध के संबंध में सबसे पहले अपने माता-पिता या अभिभावक को अवगत कराए तथा किसी भी अनजान नंबर से वीडियों कॉल न उठाये। यदि कोई ऐसा अपराध किसी के साथ गठित होता है तो वह संबंधित थाने की साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके साथ ही कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 या नालसा ऐप डाउनलोड कर उसपर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या संबंधित तहसील विधिक सेवा समिति में संपर्क किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में श्री अजय त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एलएडीसी, श्रीमती साधना मिश्रा, असिस्टेंट एलएडीसी अधिवक्ता एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री अभय सक्सैना, समस्त अध्यापकगण, छात्र-छात्रायें एवं श्री सुभाष दुबे, पी0एल0व्ही0 भिण्ड उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित

## सीएम हेल्पलाइन एवं समय सीमा वाले विभागीय पत्रों का निराकरण करने दिए निर्देश



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभाग सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण में फोकस करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने ईकेवाईसी की समीक्षा कर कहा कि संबंधित अधिकारी समग्र ईकेवाईसी पर विशेष ध्यान दें और कार्य में प्रगति लाएं।उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत किए गए रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पेयजल समस्या के संबंध में समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद, सीएमओ एवं पीएचई विभाग अधिकारियों से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपार्जन, जल जीवन मिशन, सीपी ग्राम शिकायत, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा, सीएम एवं सीएस मॉनिट, सार्थक ऐप, टीएल पत्र निराकरण की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिऐ।

# बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित सर्वे दल द्वारा गोरमी में जन जागरूकता का कार्य किया गया

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पवन तिवारी के निर्देशन बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित सर्वे दल द्वारा सर्वप्रथम गोरमी में पहुंचकर जन जागरूकता का कार्य किया गया। गोरमी महिला बाल विकास विभाग के प्रभारी- परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रभा शर्मा, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। सामाजिक कार्यकर्ता संजय मिश्रा के द्वारा आगे अवगत कराया गया कि कार्यकर्ताओं को अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाकर उन्हें अवगत कराया गया कि बाल भिक्षावृत्ति समूचे समाज पर एक कलंक है और




यह अत्यंत ही गलत कार्य है। किशोर न्याय अधिनियम की धारा 76 में यह अपराध घोषित किया गया है तथा कोई भी अगर बालक को बाल भिक्षावृत्ति के उद्देश्य से नियोजित करता है तो उसे 5 साल की सजा का प्रावधान है उसके पश्चात वहां पर जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें श्भिक्षावृत्ति अभिशाप हैश् श्भिक्षा नहीं शिक्षाश् के नारे लगाए गए। साथ में महिला बाल विकास विभाग गोरमी परियोजना से श्री कमलेश नारायण गुप्ता, श्री योगेंद्र रावत, पर्यवेक्षक- श्रीमती वंदना यादव, ताजवरी सुल्ताना एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताऐ उपस्थित रही।

# कलेक्टर ने विकासखण्ड और ग्राम स्तर बाल विवाह रोको उड़न दस्ता दल का किया गठन

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने 'अक्षय तृतीया' दिनांक 30 अप्रैल 2025 एवं उसके पश्चात् आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह एवं एकल विवाह समारोह में बाल विवाह के संबंध में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने तथा होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13 की उपधारा (4) एवं (5) के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही करने के उद्देश्य से अधिकारियों का खण्ड स्तर से ग्राम स्तर तक बाल विवाह रोको उड़न दस्तों का गठन किया है। विकास खण्ड भिण्ड, अटेर, लहार, रौन, मेहगॉव एवं गोहद बाल विवाह रोको उड़न दस्ता में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), तहसीलदार, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना समस्त (नोडल अधिकारी), नगर निरीक्षक, भिण्ड, अटेर, लहार, रौन मेहगॉव एवं गोहद एवं समस्त थाना प्रभारी (उप नोडल अधिकारी), संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना समस्त रहेंगे। इसी प्रकार ग्राम स्तर बाल विवाह रोको उड़न दस्ता में हायर सेकेण्ड्रीध्हाई स्कूल के प्राचार्य एवं प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय के प्र.अ., सरपंच/पंच, पंचायत सचिव, आंगनबाडी कार्यकर्ता/ आशा कार्यकर्ता/स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल सदस्य, बीट प्रभारी (संबंधित ग्राम व क्षेत्र के प्रभारी) रहेंगे। उक्तानुसार गठित दल बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही कर की गयी कार्यवाही का प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला भिण्ड को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

# लश्कर क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुँचे प्रभारी मंत्री श्री सिलावट व मंत्री श्री कुशवाह

## बाधाएँ दूर कर पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश, एलीवेटेड रोड द्वितीय चरण, शासकीय मुद्रणालय के जीर्णोद्धार एवं छत्री मंडी स्टेडियम सहित अन्य कार्यों का लिया जायजा



**ग्वालियर।** हनुमान बांध को भरने के लिये पूर्व में बनाई गई भूमिगत चैनल व बांध क्षेत्र में स्थित बावड़ी एवं मेहराव साहब की तलैया सहित लश्कर क्षेत्र की पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का काम तेजी से कराएँ। इन संरचनाओं के कामों में आ रहीं बाधायें नगर निगम, जल संसाधन एवं जिला प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर दूर करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराए जा रहे ये सभी काम बरसात से पूर्व पूर्ण हो जाना चाहिए। इस आशय के निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने लश्कर क्षेत्र के विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के साथ सोमवार को लश्कर क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जिनमें महाराज बाड़ा स्थित शासकीय मुद्रणालय, छत्री मंडी स्टेडियम, एलीवेटेड रोड के द्वितीय चरण के काम व जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रहे पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार कार्य शामिल हैं। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि हनुमान बांध की बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिये एक करोड़ 69 लाख रूपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसकी टेंडर की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कर कार्य शुरू कराएं। श्री सिलावट ने हनुमान बांध की भूमिगत चैनल के कैचमेंट एरिया के आने वाले पानी को रोकने के लिये गिरवाई पुलिस चौकी के समीप स्टॉप डैम का काम भी जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री नगर निगम को दिए। उन्होंने कहा इस कार्य में देरी नहीं होना चाहिए। इसी तरह गोल पहाड़िया क्षेत्र में स्थित मेहराव साहब की तलैया की सफाई का काम भी शीघ्र पूर्ण करने के लिये कहा। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय समेत जल संसाधन, विद्युत, नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। साथ ही क्षेत्रीय पार्षदगण तथा सर्वश्री आशीष प्रताप सिंह राठौड, सतीश बोहरे, सुधीर गुप्ता व सुघर सिंह पवैया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

**इण्डस्ट्रीज म्यूजियम सहित मुद्रणालय के शेष काम 15 जून तक पूरे कराएँ**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मंत्री श्री नारायण सिंह के साथ लश्कर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सबसे पहले महाराज बाड़े पर शासकीय मुद्रणालय के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय मुद्रणालय में इण्डस्ट्रीज म्यूजियम की स्थापना सहित शेष सभी काम हर हाल में 15 जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इण्डस्ट्रीज म्यूजियम में ग्वालियर क्षेत्र के पारंपरिक औद्योगिक कौशल, कपड़ा, सीमेंट व कालीन उद्योग सहित अन्य गतिविधियों को पर्याप्त स्थान देने पर बल दिया।

**एलीवेटेड रोड के द्वितीय चरण का काम समय सीमा से पहले पूरा करें**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने एलीवेटेड रोड के द्वितीय चरण के काम के निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि एलीवेटेड रोड के द्वितीय चरण का काम निर्धारित समय-सीमा से पहले और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने लश्कर क्षेत्र में चल रहे द्वितीय चरण के एलीवेटेड रोड के कामों की सराहना की। मंत्री द्वय श्री सिलावट व श्री कुशवाह ने एलीवेटेड रोड के द्वितीय चरण के अंतिम प्वॉइंट गिरवाई नाका व हनुमान बांध क्षेत्र में चल रहे कार्य खासतौर पर देखे।

**हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराएँ गोल पहाड़िया क्षेत्र की सड़कों पर लगने वाले हाथ ठेले**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गोल पहाड़िया क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बनाए गए हॉकर्स जोन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गिरवाई क्षेत्र में पुरानी एबी रोड पर लगने वाले हाथ ठेले इस हॉकर्स जोन में शिफ्ट किए जाएँ। श्री सिलावट ने कहा कि शिफ्टिंग के कार्य से पहले हाथ ठेला चालकों की बैठक लें और उन्हें हॉकर्स जोन में जाने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने इस काम में क्षेत्रीय पार्षदों से सहयोग करने के लिये भी कहा।

**गोल पहाड़िया - तिघरा रोड का भी निरीक्षण किया**

गोल पहाड़िया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिलावट व मंत्री श्री कुशवाह ने तिघरा रोड का निरीक्षण किया। श्री सिलावट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सड़क मार्ग पर जहाँ-जहाँ सड़क धसकने की स्थिति बनी है उसे सुरक्षित करें। साथ ही सड़क के किनारे बसे लोगों को भी ताकीद कर दें कि वे सड़क के नजदीक घर न बनाएं। इस काम को गंभीरता से व सख्ती के साथ कराया जाए।

**छत्री स्टेडियम के मैदान को हरा-भरा किया जाए**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने छत्री मंडी स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्टेडियम के मैदान को हरा-भरा करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्टेडियम परिसर में स्थित जिम चालू कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर स्टेडियम में हॉकी का अभ्यास कर रहीं बालिकाओं से भी मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि हॉकी को बढ़ावा देने के लिये इस स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ सहित अन्य सुविधायें जुटाने में उनकी ओर से हर संभव मदद मिलेगी।

**व्यायामशाला का जीर्णोद्धार कराएँ**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने छत्री मंडी के पीछे स्थित पुरानी व्यायामशाला का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को इस व्यायामशाला का जीर्णोद्धार कराने के लिये प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इस काम को प्राथमिकता से कराया जाए।

**जनकगंज डिस्पेंसरी की व्यवस्थायें सुदृढ़ करें**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने लश्कर क्षेत्र में स्थित जनकगंज डिस्पेंसरी के निरीक्षण के दौरान यहां की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा इस अस्पताल के बारे में शिकायत की जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सरकार हर जरूरतमंद को आसानी से स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। इसलिये डिस्पेंसरी के संचालन में कोई ढ़िलाई न हो।

**छत्री सब्जी मंडी का लिया जायजा और सब्जी विक्रेताओं की समस्यायें सुनीं**

लश्कर क्षेत्र के भ्रमण पर निकले प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने छत्री सब्जी मंडी का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने सब्जी विक्रेताओं की समस्यायें व कठिनाईयां भी सुनीं। उन्होंने सब्जी मंडी परिसर में स्थित स्मार्ट जन सुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का संचालन एक माह में करें प्रारंभ

### संचालन से पूर्व सभी व्यवस्थाएँ करें चाक-चौबंद, प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



**ग्वालियर।** ग्वालियर में नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड (आईएसबीटी) का संचालन एक माह में प्रारंभ किया जाए। संचालन से पूर्व बसों का रूट निर्धारण, यात्रियों को बस स्टैण्ड तक पहुँचाने की व्यवस्था के साथ ही बस स्टेण्ड की सम्पूर्ण व्यवस्थायें पूर्ण कर ली जाएँ। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ शहर विकास के कार्यों के अवलोकन के दौरान आईएसबीटी का निरीक्षण करते हुए यह बात कही। शहर विकास की विकास परियोजनाओं का अवलोकन करते हुए कार्यों को तीव्र गति से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर नागरिकों के लिये समर्पित करने की बात भी प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कही। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंटक मैदान स्थित सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। साथ ही दुकानदारों से विस्तार से चर्चा की। सब्जी मंडी प्रांगण में स्मार्ट टॉयलेट निर्माण करने के निर्देश दिए। पुरानी सब्जी मंडी में दुकानों के निर्माण के लिये पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर एनओसी प्राप्त करने के संबंध में कार्य करने के लिये भी कहा। भ्रमण के दौरान गोसपुरा नं.1 वार्ड-11 में मेन रोड के पास वाहन पार्किंग निर्मित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने तानसेन मकबरे तक के पहुँच मार्ग को व्यवस्थित करने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने किलागेट चौराहा सौंदर्यीकरण एवं थाने के पास नवीन मार्केट निर्माण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से 3 करोड 50 लाख रूपए की राशि दुकानों के निर्माण हेतु स्वीकृत है। उक्त कार्य को तत्परता से प्रारंभ किया जाए। किलागेट पर यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये किलागेट से घासमंडी तक के मार्ग को चौड़ीकरण करने हेतु भवन स्वामियों के साथ बैठक करने का भी आग्रह किया। इसके साथ ही सिटी बस भी किले तक संचालित हो। इसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने थाने के आसपास रखे जब्तशुदा पुराने वाहनों को विधिवत हटाने के निर्देश भी दिए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शासकीय उमावि पटेल स्कूल के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के नवीन भवन के निर्माण स्थल के आसपास के अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के दिशा-निर्देश दिए। स्कूल भवन के चारों ओर सीवर लाइन डालने एवं मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को भी तत्परता से करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मलगढ़ा चौराहा के आसपास बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिये बरसात से पूर्व प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**एलीवेटेड रोड का कार्य तेजी के साथ किया जाए**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ट्रिपल आईटीएम के समीप से नवनिर्मित एलीवेटेड रोड जो कि 350 करोड़ रूपए की लागत से बनाई जा रही है, इस कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त कर दिसम्बर 2025 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित एजेंसी को दिए। इसके साथ ही एलीवेटेड रोड के नीचे अतिरिक्त स्थान पर हॉकर्स जोन एवं पार्किंग की व्यवस्था हो, इसके लिये भी विधिवत प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जाए।

**दीनदयाल रसोई में मंत्री द्वय ने किया भोजन**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंटक मैदान स्थित सब्जी मंडी के निरीक्षण के दौरान प्रांगण में स्थापित दीनदयाल रसोई का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वय ने दीनदयाल रसोई में बैठक ही भोजन भी किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दीनदयाल रसोई की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने हेतु अपनी निधि से 5 लाख रूपए देने की घोषणा भी की।

**रेलवे स्टेशन का भी किया अवलोकन**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.4 पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने सौंदर्यीकरण कार्य को तेजी के साथ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्य की प्रगति की प्रति सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा करने के साथ ही आवश्यकता हुई तो केन्द्रीय रेल मंत्री से भी इस संबंध में भेंट कर चर्चा की जायेगी।

**चेतकपुरी रोड का निर्माण तत्परता से करें**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने निरीक्षण के दौरान चेतकपुरी रोड का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चेतकपुरी रोड पर सीवर लाइन डालने के कारण रोड खराब होने के कारण आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय को सड़क निर्माण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा है। आम जनों को आ रही समस्याओं को देखते हुए यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाल विवाह रोकने के लिये केआरजी कॉलेज में आयोजित हुआ संकल्प कार्यक्रम, छात्राओं ने ली शपथ

**ग्वालियर।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डवलपमेंट द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर संकल्प कार्यक्रम केआरजी कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु अपनी भागीदारी के लिये शपथ भी ली। संकल्प कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संगीता सोमवंशी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डवलपमेंट के ब्लॉक समन्वयक एवं सफल युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाह ने कहा कि देश में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता की महती आवश्यकता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह में किसी भी रूप में शामिल होने अथवा सेवा देने पर दो साल की सजा हो सकती है। बाल विवाह में बाराती और लड़की पक्ष के लोगों के अलावा हलवाई, साज-सज्जा करने वाले, माली, बैंड वालों के साथ ही मैरिज गार्डन मालिक और पंडित एवं मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जायेगा। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की जिम्मेदारी है कि वे बाल विवाह को रोकें और लोगों को इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री संदीप श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# निगम परिषद की बैठक 13 मई 2025 तक स्थगित



**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजन सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक के प्रारंभ में 01 मई 2025 से प्रतिदिन पेयजल प्रदान किए जाने हेतु नेता प्रतिपक्ष श्री हरी पाल द्वारा पत्र प्रस्तुत कर सभापति से आग्रह किया। इसके साथ ही पहलगाम में 28 नागरिकों की दुखद मृत्यु एवं फ्रांसीसी कैथोलिक समुदाय के 266वे पोप फ्रांसिस के निधन एवं पूर्व परिष्ठ पार्षद श्री देवेन्द्र शर्मा की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया तथा शोक प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर बैठक 13 मई 2025 दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# ट्रेक्टर से दब कर युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** कैलारस थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रेक्टर से दबकर मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा में निवास करने वाले बारेलाल पुत्र मांगीलाल कुशवाह उम्र 35 साल अचानक ट्रेक्टर के टायर के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही शव का मौका पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी तनवीर पुत्र मांगी लाल कुशवाह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कॉम्बिग गश्त के दौरान 278 स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों तथा दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर 413 गुण्डा व एचएस को किया चेक

**कॉम्बिंग गष्त के दौरान जिले के विभिन्न थानों में 158 स्थाई एवं 120 गिरफ्तारी सहित कुल 278 वारंटियों को किया गिरफ्तार और 413 गुण्डा, हिस्ट्रीषीटरों को किया चेक, कॉम्बिग गश्त के दौरान थाना झांसीरोड एवं चीनोर में 01-01 इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया और अवैध शराब के थाना बहोड़ापुर में 02 एवं थाना महाराजपुरा, पुरानी छावनी, बेलगढ़ा में 01-01 प्रकरण दर्ज किया गया, तथा 03 अन्य प्रकरणों में भी अलग-अलग कार्यवाही की गई हैं।**



**ग्वालियर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर षिकंजा कसने के उद्देष्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर जिले में दिनांक 27/28.04.2025 की दरमियानी रात्रि शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में देर रात तक कॉम्बिंग गष्त किया गया। इस दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक(पूर्व/ यातायात/ अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी, अति0 पुलिस अधीक्षक(पष्चिम) श्री गजेन्द्र वर्धमान, अति0 पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर, अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री निरंजन शर्मा एवं ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के ग्वालियर शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गष्त किया। कॉम्बिंग गष्त से पूर्व अनुभाग वार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा फोर्स को ब्रीफ किया गया, उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गष्त के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा शहर में स्वयं कॉम्बिंग गष्त का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। ग्वालियर पुलिस की कॉम्बिंग गष्त से जिले के बदमाषों में हडकंप देखने को मिला है। ग्वालियर पुलिस के अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ थाना बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गष्त किया गया। इस दौरान उनके द्वारा फरारी बदमाषों, वारंटियों, गुण्डों, हिस्ट्रीषीटर बदमाषों एवं जिला बदर के आरोपियों की उनके घरों पर चैकिंग के साथ ही बैंक एटीएम एवं होटल, लॉज, धर्मषाला, ढाबों को भी चेक किया। इस गष्त के लिये पुलिस अधिकारियों द्वारा टीमें बनाकर शहर व देहात क्षेत्रों में संवेदनषील इलाकों में भी गष्त की गई। कॉम्बिंग गष्त के दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों तथा मुंह बांधे दो पहिया वाहन चालकों की विषेष तौर पर चेकिंग की गई। कॉम्बिग गश्त के दौरान पुलिस ने जिले में कुल 158 स्थाई वारंट, 120 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गये साथ ही 219 गुण्डा एवं 194 हिस्ट्रीषीटरों को चेक किया। कॉम्बिग गश्त के दौरान थाना झांसीरोड एवं चीनोर में 01-01 इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया और अवैध शराब के थाना बहोड़ापुर में 02 एवं थाना महाराजपुरा, पुरानी छावनी, बेलगढ़ा में 01-01 प्रकरण दर्ज किया गया, साथ ही 03 अन्य प्रकरणों में भी अलग-अलग कार्यवाही की गई हैं। कॉम्बिंग गष्त के दौरान पुलिस द्वारा कई सक्रिय बदमाषों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीषीटरों के रिकॉर्ड को अपडेट किया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मौहल्लों में घूमकर पुलिस ने गुण्डे, बदमाषों की धरपकड़ की। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देष्य से यह कॉम्बिंग गष्त कराई गई। पुलिस टीमों द्वारा गुण्डों एवं बदमाषों तथा जिला बदर के आरोपियों के घर जाकर उनकी जानकारी ली गई, चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाष को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से रिहा होकर आये आरोपियों को भी चेक किया गया। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देष्य से ग्वालियर पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।


# महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में हजारों महिला-पुरूष कांग्रेस कार्यकर्ता पहुँचे 'संविधान बचाओं रैली' में गूंजे राहुल जिंदाबाद के नारे

डॉ. अनारसिंह जादौन



**ग्वालियर।** आज फूलबाग मैदान में 'संविधान बचाओं रैली' में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में हजारों महिला-पुरूष कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुये। जलविहार से हजारों महिला-पुरूष कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में झण्डा लेकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, मलिकार्जुन खडगे जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, जीतू पटवारी जिंदाबाद के नारे लगाते हुये कार्यक्रम स्थल फूलबाग मैदान में पहुँचे। रैली में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, हितेन्द्र यादव, अनूप शिवहरे, वरिष्ठ नेत्री वीणा भारद्वाज, एम.आई.सी मेम्बर एवं पार्षद अवधेश कौरव, एम.आई.सी मेम्बर एवं पार्षद श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद अंकित कठठ्ल, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, जसवंत शेजवार, महेन्द्र शर्मा 'विक्की', जीतू कुशवाह, सागरनाती, जहान सिंह तोमर, बृजेन्द्र सिंह तोमर 'कल्लू', हरेन्द्र वर्मा, विजय बहादुर त्यागी, सुरेश प्रजापति, अनिल शर्मा 'बिट्टू', राजेन्द्र परिहार, के.के. शर्मा, संदीप यादव, चन्द्रभान मण्डेलिया, धर्मवीर जाटव आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जापान से आए अतिथियों ने देखी आदर्श गौशाला



**ग्वालियर।** गौशाला में जापान से पधारे अतिथि श्री सिमोन एट एवं उनके मित्रों ने दर्शन कर गौ सेवा और भारतीय संस्कृति की जीवंत अनुभूति प्राप्त की। उन्होंने बताया कि गौशाला परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। अतिथियों ने गौशाला की सेवा गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की स उन्होंने सात दिवसीय विशेष समर कैंप में विशेष रुचि दिखाई। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सस्टेनेबल लाइफस्टाइल, भारतीय जीवन-दर्शन, विज्ञान और अध्यात्म, तथा ग्रीन जॉब्स के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को विकसित करना है, गौशाला .में आयोजन न केवल छात्रों के बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि उनके भीतर संवेदनशीलता, कर्तव्यबोध और जैविक जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का भी सृजन करेगा। इस प्रकल्प से प्रेरित होकर, जापान से आए अतिथि ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस प्रकार के संवेदनशील एवं व्यावहारिक कैंप का आयोजन जापान की गौशालाओं में भी करेंगे।

# महाराज बाडा एवं फूलबाग पर आमजन को स्वच्छता के प्रति किया सजग



**ग्वालियर।** आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छ ग्वालियर स्वस्थ ग्वालियर के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री संघप्रिय के निर्देशन में सभी वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज आज नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन द्वारा महाराज बाड़े पर स्वच्छता कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को स्वच्छता के महत्त्व के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक रखें, अपने घरों में चार डस्टबिनों की समुचित व्यवस्था करें तथा कचरा केवल निर्धारित कचरा वाहनों में ही डालें। इसके साथ ही चिड़ियाघर पर आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति चेतना जाग्रत कर स्वच्छ एवं सुंदर ग्वालियर के निर्माण में योगदान देना है। साथ ही संस्था डिवाईन द्वारा फूलबाग पर लोगों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के बारे में समझाइस दी गई, इससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे समझाया गया, कपड़े की थैलियों व अन्य बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करने के बारे में बताया गया। साथ ही 4 बीन सेग्रिगेशन के बारे में जानकारी देकर अपने घर, गली- मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानो मे सफाई रखने के लिए आग्रह किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## संपादकीय

# हिन्दी भाषा को मंजूरी नहीं

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे का कहना है कि उनका दल महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा को अनिवार्य बनाने के कदम को मंजूरी नहीं देगा। राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप पहली कक्षा से पांचवीं तक छात्रा के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले के मद्देनजर उनकी यह टिप्पणी आई है। उद्धव ने शिव सेना की श्रमिक शाखा के कार्यक्रम में कहा कि उनके दल को हिन्दी से परहेज नहीं है पर इसे छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। पिछले दिनों हिन्दीभाषी बैंककर्मी के साथ हाथापाई की घटना के अतिरिक्त मुंबई में लगातार शिवसैनिकों द्वारा भाषाई विरोध हो रहा है। इससे पहले भी उत्तर भारत से बाहर के राज्यों द्वारा हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विपक्ष मुखर होता रहता है। भाषा को लेकर झगड़ा नया नहीं है परंतु इसका मकसद राजनीतिक प्रतीत होता है। देश के आधे से अधिक नागरिक हिन्दी को बोलचाल की भाषा की तरह प्रयोग करते हैं। यह देश की सबसे ज्यादा बोली भाषा भी है। केवल 26 प्रतिशत लोगों की मातृ भाषा होने के बावजूद हिन्दी का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 69 करोड़ बताई जाती है, जो कुल जनसंख्या का 57 प्रतिशत है। हालांकि अपने यहां हिन्दी में 56 मातृ भाषाएं संबद्ध हैं। देश भर को एक सूत्र में लपेटने वाला सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन और गाने सब हिन्दी में ही मुंबई शहर में बनाए जाते हैं जिनके भरोसे रोजी-रोटी कमाने वालों में हर भाषा, वर्ग और राज्यनिवासियों का सहयोग होता है। मराठी की मूल लिपि कोंकणी होने के बावजूद आज वह देवनागरी में ही लिखी जा रही है। यूं तो देश में बंगाली और भोजपुरी बोलने वालों की संख्या अत्यधिक है परंतु राज्य सरकारें या स्थानीय शीर्ष नेताओं द्वारा मातृ भाषा की बजाय देशवासियों तक विचार पहुंचाने के लिए हिन्दी या अंग्रेजी ही प्रचलित है। यह भी याद रखना चाहिए कि जिन राज्यों में संस्कृत स्कूली स्तर पर अनिवार्य भाषा के तौर पर पढ़ाई जाती रही है, वहां से संस्कृत में धारा-प्रवाह श्लोक पढ़ने वाली पौध नहीं तैयार की जा सकी। दूसरे मातृ भाषा पढ़ने-लिखने वालों की संख्या भी तेजी से कम होती जा रही है। नौजवान उसी भाषा को प्राथमिकता देने को राजी होते हैं, जो उन्हें रोजगार दिलाने में सक्षम हो। भाषा विवाद राजनीतिक होता है। यह जनता भली-भांति जानती है। उसे भाषा के नाम पर बरगलाना नामुमकिन है।

# जीवन का कलात्मक दृष्टिकोण है नृत्य

**- अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर विशेष**

मानव सभ्यता के आदिकाल से ही अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम रहा है नृत्य। नृत्य केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह आत्मा की भाषा है। भारतीय संस्कृति में नृत्य को देवी-देवताओं की आराधना, त्योहारों और जीवन के विविध आयामों से जोड़ा गया है। नटराज (भगवान शिव) को नृत्य का आदि गुरु माना जाता है। नृत्य सभ्यता की निरंतरता का परिचायक है, जो परंपराओं और ऐतिहासिक घटनाओं को जीवित रखता है, इसके साथ ही वैश्विक मंच पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को स्थापित करता है। यह एक सशक्त माध्यम है, भावनाओं को अभिव्यक्त करने का, संस्कृति को संजोने का और सामाजिक समरसता बढ़ाने का। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर जानिए, भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं आधुनिक नृत्य शैलियों के महत्व, उनके जनकों और जीवन पर प्रभाव।



-डॉ. केशव पाण्डेय

आज अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस है। 29 अप्रैल को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस एक वार्षिक उत्सव है, जो दर्शाता है कि नृत्य हमारे जीवन पर किस तरह सकारात्मक प्रभाव डालता है। मानव शरीर की गति, नृत्य, पॉप और लॉक करने की क्षमता ने संगीत के साथ बातचीत करने और खुद को कलात्मक रूप से व्यक्त करने के तरीके को प्रभावित किया है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य नृत्य के महत्व को रेखांकित करना और दुनियाभर में इसकी विविधताओं को सम्मान देना है....

सवाल उठता है, आखिर 29 अप्रैल को ही क्यों? तो बता दें कि फ्रांसीसी नर्तक, कोरियाग्राफर और बेले शिक्षक जीन जॉर्जेस नोवरे (1727-1810) की जन्म वर्षगांठ है, जिन्हें आधुनिक बैले (अर्थात् शास्त्रीय या रोमांटिक बैले जैसा कि हम आज जानते हैं, न कि ÷आधुनिक बैले÷ क्योंकि इसे कभी-कभी समकालीन बैले के साथ भ्रमित किया जाता है) का ÷पिता÷ या जनक माना जाता है।

प्रदर्शन कला के क्षेत्र में यूनेस्कों की महत्वपूर्ण भागीदार संस्था अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) की नृत्य समिति ने 1982 में 29 अप्रैल को जॉर्जेस नोवरे के जन्मदिन पर अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी। तब से हर साल 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाने लगा। भारत में नृत्य के इतिहास, उसकी विविधता और प्रभाव की बात करें तो पाते हैं कि भरतनाट्यम (भारत) जिसे कई भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों की जननी माना जाता है, संभवतः भारत की सबसे पुरानी शास्त्रीय नृत्य विरासत है। यह भरत मुनि के नाट्य शास्त्र (जो 400 ईपू) पर आधारित है। इस नृत्य शैली के प्रेरणास्त्रोत चिदंबरम के प्राचीन मंदिर की मूर्तियों से आते हैं। संगीत नाटक अकादमी वर्तमान में आठ भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों को शास्त्रीय दर्जा प्रदान करती है, जिनमें प्रमुख हैं- भरतनाट्यम (तमिलनाडु), कथक (उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत), कथकली (केरल), कुचिपुड़ी (आंध्र), ओडिसी (ओडिशा), मणिपुरी (मणिपुर), मोहिनीअट्टम (केरल) और सत्रिया (असम)

जबकि इंटरनेशनल स्टैंडर्ड में पाँच नृत्य शामिल हैं। स्लो वाल्ट्ज, टैंगो, विनीज़ वाल्ट्ज, स्लो फ़ॉक्सट्रॉट और क्विकस्टेप। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की सबसे विशिष्ट विशेषता, जिसे अक्सर ÷स्टैंडर्ड÷ के रूप में संक्षिप्त किया जाता है, वह पकड़ है।

देश में ÷नृत्य÷ का सबसे बड़ा रूप भारतीय क्लासिकल डांस का एक समुच्चय है, जिसमें सभी शैलियों का समावेश होता है। भरतनाट्यम को अगर हम देखें, तो यह नृत्य शैली तमिलनाडु की धरती से आई है। यह नृत्य अपनी लय, गति और भाव-भंगिमाओं के लिए प्रसिद्ध है। जबकि आज, कथक एक विशिष्ट नृत्य शैली के रूप में उभरा है, जो हिंदू और मुस्लिम कला के अद्वितीय संश्लेषण का प्रतिनिधित्व करता है। यह भारत का एकमात्र शास्त्रीय नृत्य है, जिसका संबंध मुस्लिम संस्कृति से है। कथक एकमात्र शास्त्रीय नृत्य है जिसकी परिणति हिंदुस्तानी या उत्तर भारतीय संगीत में होती है। भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना सितारा देवी को नृत्य की देवी कहा जाता है। जब वे महज 16 वर्ष की थीं, तब उनके नृत्य को देखकर रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने उन्हें 'नृत्य सम्राज्ञी' कहकर सम्बोधित किया था। उन्होंने भारत तथा विश्व के विभिन्न भागों में नृत्य का प्रदर्शन किया। कथक का जयपुर घराना प्राचीनतम घराना है। जयपुर घराने के प्रवर्तक भानु जी, जिन्हें प्रसिद्ध शिव तांडव नर्तक के रूप में जाना जाता है। राजस्थान का घूमर डांस दुनिया में सबसे ज्यादा लोकप्रिय नृत्य है। उदय शंकर को नृत्य के विकास में उनके योगदान के लिए आधुनिक नृत्य के जनक के रूप में जाना जाता है। भारत में नृत्य को आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक धरोहर का प्रमुख अंग माना जाता है। हमारे देश में आठ प्रमुख शास्त्रीय नृत्य रूप प्रचलित हैं, जिनकी जड़ें ÷नाट्यशास्त्र÷ (महर्षि भरत द्वारा रचित) में मिलती हैं। प्रत्येक नृत्य शैली का अपना एक विशिष्ट इतिहास और जनक माने जाते हैं। इनके अलावा आधुनिक नृत्य शैलियां भी देश-विदेश में खासी लोकप्रिय हो गई हैं। उनमें प्रमुख हैं हिप-हॉप, कंटेम्पररी, सालसा, जैज़ और बॉलीवुड डांस। मौजूदा परिवेश में बॉलीवुड नृत्य की धूम मची हुई है। भारतीय फिल्मों में प्रयुक्त नृत्य के प्रकार को बॉलीवुड नृत्य कहा जाता है। जो भांगड़ा नृत्य , हिप-हॉप, अरबी और जैज़ नृत्य सहित विभिन्न नृत्य शैलियों का मिश्रण है इन शैलियों का भारत में प्रसार मुख्यतः फिल्म, टीवी और सोशल मीडिया के माध्यम से हुआ है। आधुनिक नृत्य के क्षेत्र में कुछ प्रमुख भारतीय कलाकारों में शक्ति मोहन, टेरेंस लुईस, रेमो डिसूजा, गुरु मां आदि का नाम उल्लेखनीय है। इन्होंने भारत में आधुनिक नृत्य को नई पहचान दी है।

नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को भी प्रोत्साहित करता है शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही लचीलापन, सहनशक्ति और संतुलन में सुधार। तनाव मुक्ति, आत्म-संतोष और भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखता है। विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला सेतु होकर सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेषकर भारतीय शास्त्रीय नृत्य साधना का स्वरूप रखता है और आत्मिक उन्नति करता है। नृत्य सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का माध्यम बनता है। रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करता है। सामाजिक एकता को बल देता है, जब विभिन्न समुदाय को एक मंच पर एकत्र करता है। विश्व भर में नृत्य की अनेक शैलियाँ विकसित हुई हैं, जो हर देश की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती हैं। इनमें प्रमुख नृत्य भांगड़ा (पंजाब) ऊर्जा से भरपूर लोक नृत्य। गरबा (गुजरात) पारंपरिक रूप से नवरात्रि में किया जाने वाला वृत्ताकार नृत्य। बैले (यूरोप) संरचनात्मक सुंदरता और कठिन तकनीक का अद्भुत समन्वय। फ्लेमेन्को (स्पेन) तेज़ ताल, हाथों की थाप और भावपूर्ण गीत-संगीत से युक्त नृत्य। टैंगो (अर्जेंटीना) जोशीला और नज़दीकी साथी के साथ किया जाने वाला सामाजिक नृत्य। साल्सा (क्यूबा) तेज़ गति और विविधतापूर्ण स्टेप्स से भरा लोकप्रिय लैटिन नृत्य। हिप-हॉप (अमेरिका) शहरी युवा संस्कृति का प्रतीक, स्ट्रीट डांस का रूप प्रमुख हैं।

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस केवल नृत्य करने का दिन नहीं, बल्कि नृत्य के महत्व को समझने और उसकी विविधता को सम्मान देने का अवसर है। भारतीय शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य शैलियाँ, दोनों मिलकर आज भी हमारी संस्कृति को समृद्ध कर नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। हमें इस धरोहर को संरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना चाहिए। नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह आत्मा की गहनतम अनुभूतियों को भी अभिव्यक्त करता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस हमें याद दिलाता है कि नृत्य एक ऐसी कला है जो भाषाओं, संस्कृतियों और सीमाओं से परे जाकर सबको एकसूत्र में बाँधती है। ग्वालियर की 25 वर्ष पुरानी संस्था उद्भव स्पार्ट्स एवं कल्चरल एसोसिएशन भारतीय नृत्य के जरिए विदेशों में सांस्कृतिक राजदूत के तौर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर नृत्य के जरिए देश-विदेश की संस्कृतियों का संगम करा रही है।

## दृष्टिकोण

# व्यवस्था सुधार का अगला पड़ाव-समान नागरिक संहिता

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)

किसी भी देश की आंतरिक व्यवस्था देश के दिशा प्रदाताओं के चिंतन एवं दायित्व निर्वहन का विषय है। देश के नागरिकों का



न्याय, समता, समानता, सहयोग, समर्पण जैसे मूल्यों को अपनाए बिना जब किसी घर के व्यवस्थित संचालन की कल्पना नही की जा सकती, तब किसी बड़ी आबादी वाले देश के व्यवस्थित संचालन की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। विश्व पटल पर जहां-जहां लोकतंत्र स्थापित है, वहां वहां समान नागरिक मूल्यों के आधार पर जनमानस को नागरिक अधिकार प्रदान किये गए हैं, न किसी को किसी से कम, न किसी को किसी से ज्यादा। नागरिक अधिकारों में भाई भतीजावाद, रिश्तों या धर्माधारित अधिकारों का कोई स्थान नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भावनाओं का नहीं, अपितु नीतियों का बोलबाला होता है। नीतियां बहुमत पर निर्धारित की जाती हैं, जो देश की दिशा और दशा को प्रभावित करती हैं। इतिहास साक्षी है कि भारत में लम्बे समय तक विभिन्न गठबंधन सरकारों में पर्याप्त संख्या बल न होने के कारण अनेक सुधारात्मक प्रयास निष्फल हुए हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ा है। वक्फ संशोधन विधेयक पर जिस प्रकार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने कड़े मंथन के उपरांत जनप्रतिनिधियों का समर्थन जुटाया तथा संसद के दोनों सदनों में संशोधन विधेयक को पारित कराकर लागू कराया, उससे स्पष्ट हो गया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में यदि निरपेक्ष भावना से सुधार का संकल्प लिया जाए, तो संकल्प पूरा होता ही है। इससे पूर्व चाहे कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति का विषय रहा हो या नागरिकता संशोधन अधिनियम, देश की संसद ने राष्ट्रहित में जन आकांक्षाओं को पूर्ण किया है। ऐसे में दलगत एवं विरोध के लिए विरोध की राजनीति करने वाले जनप्रतिनिधियों की समझ पर तरस आता है, कि जनहित के मुद्दों पर भी वे अपने चिंतन का दायरा व्यापक करने से क्यों कतराते हैं। किसी भी पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में सबका साथ और सबका विकास की अवधारणा में समता, न्याय, पारदर्शिता, समान नीतियों का अनुपालन जैसे मूल्यों पर आधारित व्यवस्था अनिवार्य होती है तथा किसी भी पंथ विशेष को किसी दूसरे पंथ के अधिकारों से इतर अतिरिक्त सुविधाएं और विशेष अधिकार नहीं दिए जा सकते, फिर भी वक्फ जैसे विवादित मुद्दे पर दलगत राजनीति के चलते सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की घटनाएं लोकतंत्र को कलंकित किये जाने की श्रेणी में आती हैं। इसमें संदेह नहीं, कि वैश्विक एवं आंतरिक अवरोधों के चलते भी देश सुधार की ओर अग्रसर है, आम आदमी के लोकतान्त्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दे रही है तथा सत्ता पक्ष पूर्व घोषित संकल्पों को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में आवश्यकता यही है कि देश, काल और परिस्थिति के अनुसार समान नागरिक संहिता, जनसंख्या नियंत्रण कानून तथा नागरिकता पंजीयन जैसे कानून बनाकर स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# अद्वैत वेदांत के प्रकांड पंडित अंगविभूति अष्टावक्र

(शिवशंकर सिंह पारिजात-विनायक फीचर्स)

इतिहास-संस्कृति एवं धर्म-दर्शन व अध्यात्म की भूमि रहे अंगक्षेत्र में अनेक दार्शनिक, चिंतक, मनीषी तथा लेखक हुए हैं जिन्होंने अपनी प्रज्ञा के बल पर ऊंचे मुकाम हासिल किये। ऐसे मनीषियों में हाथियों के उपचार पर विश्व के पहले ग्रंथ 'हस्त्य आयुर्वेद' के रचयिता पालकप्य मुनि, बौद्ध धर्म विषयक थेरगाथा के लेखकों में एक बुद्ध के समकालीन सोणकोलविश, प्रमुख जैन ग्रंथ लंकावतार सूत्र के प्रणेता विराज जीन, 'दशवैकालिक सूत्र' के लेखक जैन धर्म के पांचवें धर्मगुरु स्वंभव आदि के नाम आते हैं। विद्वत जनों के इस आभा-मंडल में अंगक्षेत्र स्थित कहलगांव के दो ऐसे विद्वानों के नाम भी शामिल हैं जिनके विचारों और दर्शन से भारत ही नहीं पूरी दुनिया प्रभावित हुई। इनमें से एक हैं विक्रमशिला बौद्ध महाविहार के महान् आचार्य दीपांकर श्रीज्ञान अतिश जो बौद्ध धर्म के अंतिम प्रमुख आचार्य माने जाते हैं और दूसरे हैं अद्वैत वेदांत के प्रकांड पंडित महर्षि अष्टावक्र। यह भी विडंबना रही कि विक्रमशिला के देश के प्रमुख बौद्ध महाविहारों में शुमार होने के कारण इसके प्रमुख आचार्य दीपांकर के व्यक्तित्व व कृतित्व से लोग भलीभांति परिचित हैं, किंतु अष्टावक्र ऋषि के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं थी जबकि उनके पिता कहोल (कहोड़) ऋषि से सभी



परिचित थे जिनकी तपोभूमि पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर स्थित कहलगांव थी। कहोल ऋषि पर ही इस नगरी का नाम कहलगांव पड़ा है। किंतु पिछले साल कहलगांव में राघव परिवार द्वारा आयोजित भव्य श्रीराम कथा के दौरान अष्टावक्र के जीवन दर्शन के मर्मज्ञ व %अष्टावक्र% शीर्षक महाकाव्य के रचयिता पद्मविभूषण जगतगुरु श्रीराम भद्राचार्य के प्रवचनों के माध्यम से राम कथा के साथ अंगभूमि के पुत्र अष्टावक्र के उज्जवल व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में जाना तो कहलगांव के सुधी निवासी उद्वेलित हो उठे और अष्टावक्र के नाम पर भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया। जगतगुरू श्रीराम भद्राचार्य की प्रेरणा से राघव परिवार के नेतृत्व में कहलगांव में एक वर्ष की अल्प अवधि में ऋषि अष्टावक्र का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। ऋषि अष्टावक्र अयोध्या नरेश राजा दशरथ और विदेह (मिथिला) के राजा जनक के समकालीन थे। ऋषि अष्टावक्र के बारे में वाल्मिकी रचित रामायण के युद्ध काण्ड और महाभारत के 'वन पर्व' सहित भवभूति द्वारा रचित 'उत्तर रामचरित' सरीखे ग्रंथों में चर्चा की गई है। कहते हैं कि वे दुनिया के ऐसे पहले विद्वान हैं जिन्होंने सत्य और ज्ञान की व्याख्या शास्त्रों में वर्णित सिद्धांतों-नियमों से परे वास्तविकता के धरातल पर की। ऋषि अष्टावक्र के विचार और दर्शन सुप्रसिद्ध 'अष्टावक्र गीता' में संग्रहित हैं। ऋषि अष्टावक्र के नामकरण के बारे में ऐसी कथा है कि जब वे अपनी माता सुजाता के गर्भ में थे तो अपने पिता कहोल ऋषि द्वारा किये जाने वाले वेद के पाठ की त्रुटियों की ओर इशारा कर दिया। इस पर स्वभाव से अति क्रोधी ऋषि कहोल ने उन्हें यह श्राप दे दिया कि वे आठ अंगों से वक्र अर्थात टेढ़े-मेढ़े पैदा होंगे। इस कारण उनका नाम अष्टावक्र पड़ गया। अपने शरीर की दिव्यांगता और इसके कारण लोगों द्वारा उनके उपहास उड़ाये जाने के बावजूद सामर्थ्यवान तथा दृढ़ संकल्पित अष्टावक्र कभी डिगे नहीं व सदैव ज्ञान अर्जन की दिशा में तत्पर रहे। अपनी उद्भट विद्वता का परिचय उन्होंने अपने बाल्यकाल में ही दे दिया था। अष्टावक्र के पिता कहोल ऋषि स्वयं एक पहुंचे हुए विद्वान थे।

# राशिफल

**मेष**

आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे। आपके कार्यों में देरी हो सकती है, लेकिन आप अपने परिवार और कामकाज में संतुलन बनाएंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। आपके बीच सामंजस्य बढ़ेगा।

**वृषभ**

आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।? आज आपको बहुत ही समझदारी से आगे बढ़ना होगा, विरोधी आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते हैं। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मिथुन**

आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**कर्क**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। थोड़ी और मेहनत से सफलता मिलेगी। आज आपको अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा।

**सिंह**

आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कर्जमाफी का लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नए कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज ऑफिस में कार्यों के प्रति अपने मत रखने में समस्या आएंगी, बेहतर यही होगा की आज आप अपनी राय देने से बचें। दोस्तों के साथ घूमने का प्लान आज कैंसिल करना पड़ सकता है।

**कन्या**

आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल साबित होंगे। व्यापार में आज अधिक धन लाभ की संभावना है। जो नौकरी पाने के इच्छुक हैं उन्हें सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलेंगे। इस राशि के प्रतियोगिता परीक्षा देने वाले छात्रों को बेहतर परिणाम मिलेगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

**तुला**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए दिन शुभ है। कोई अच्छी खबर मिलेगी। व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है। आज आपके घर में किसी आयोजन को लेकर उत्साह रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। किसी खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। उन्हें पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर करें। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है। मेडिकल के व्यवसाय से जुड़े लोगों को आज अधिक धन लाभ होगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आज घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा। आप किसी जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे जहाँ आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी। जीवनसाथी आज आपसे अपने मन की बात शेयर करेंगे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी को सलाह जरूर दें। आज ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। लेखकों को आज सम्मानित किया जा सकता है।

# डिजिटल क्रांति के स्वर्णिम पथ पर अग्रसर मध्यप्रदेश

(डॉ. हितेष वाजपेयी-विभूति फीचर्स)

मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश को वैश्विक टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से "एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025" का शुभारंभ इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की तकनीकी प्रगति को नई दिशा देने वाली चार महत्वपूर्ण नीतिगत दिशानिर्देशों का विमोचन किया, ये हैं-

**ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) नीति**

**ड्रोन प्रोत्साहन एवं उपयोग नीति**

**सेमीकंडक्टर नीति**

एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स व एक्सटेंडेड रियलिटी) नीति

इन नीतियों का लक्ष्य प्रदेश में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, नवाचार, स्टार्टअप्स और निवेश को प्रोत्साहित करना है, ताकि मध्यप्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त डिजिटल और टेक्नोलॉजी गंतव्य के रूप में उभर सके। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 प्रदेश के युवाओं, उद्यमियों, निवेशकों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और मध्यप्रदेश को "डिजिटल इंडिया" के सपनों के साथ जोड़ने में एक मील का पत्थर साबित होगा। आइये समझते हैं कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस सन्दर्भ में किस प्रकार मध्य प्रदेश सरकार ने तकनीकी क्षेत्र में निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए चार प्रमुख नीतियाँ लागू की हैं।

1. ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) नीति 2025

उद्देश्य- राज्य को वैश्विक नवाचार और सहयोग के केंद्र के रूप में स्थापित करना।

**प्रमुख विशेषताएँ-**

50 से अधिक GCCs को आकर्षित करने और 37,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने का लक्ष्य।

इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे टियर-2 शहरों को वैश्विक व्यापार हब के रूप में विकसित करना।

40% पूंजीगत सब्सिडी (अधिकतम ?30 करोड़), किराया सहायता, और पेरोल सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन।

R&D, अपस्किलिंग, और पेटेंट फाइलिंग के लिए समर्थन।

"नो क्वेरी पोर्टल" के माध्यम से सिंगल-विंडो।

2. ड्रोन प्रोत्साहन और उपयोग नीति 2025



उद्देश्य- मध्य प्रदेश को ड्रोन निर्माण और तकनीक का प्रमुख केंद्र बनाना।

प्रमुख विशेषताएँ-

40% पूंजीगत निवेश सब्सिडी (अधिकतम रू.30 करोड़)।

तीन वर्षों के लिए 25त्न किराया सहायता (अधिकतम रू.5 लाख प्रति वर्ष)।

चिह्नित क्षेत्रों में R&D अनुदान रू.2 करोड़ तक।

IISER भोपाल में प्रशिक्षण, निर्माण, और अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।

कृषि, आपदा प्रबंधन, सार्वजनिक सुरक्षा, और बुनियादी ढांचे में ड्रोन तकनीक का उपयोग।

3. सेमीकंडक्टर नीति 2025

उद्देश्य- राज्य को सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण का केंद्र बनाना।

**प्रमुख विशेषताएँ-**

40% पूंजीगत अनुदान (अधिकतम रू150 करोड़)।

5 वर्षों के लिए 6% ब्याज सब्सिडी (अधिकतम रू.10 करोड़)।

10 वर्षों के लिए रू2 प्रति यूनिट की रियायती बिजली दर।

**रियायती दरों पर भूमि उपलब्धता।**

रू.4 अरब से अधिक के परियोजनाओं के लिए कस्टमाइज्ड प्रोत्साहन पैकेज।

4. एवीजीसी-एक्सआर नीति 2025

उद्देश्य- राज्य को एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (AVGC-XR) के क्षेत्र में अग्रणी बनाना।

**प्रमुख विशेषताएँ**

25% पूंजीगत व्यय सब्सिडी (अधिकतम रू.30 करोड़)।

तीन वर्षों के लिए 25% किराया सहायता (अधिकतम रू.10 लाख प्रति वर्ष)।

प्रति कर्मचारी रू.3,000 प्रति माह की रोजगार सृजन सहायता (एक वर्ष के लिए)।

IP पंजीकरण लागत का 50त्न सब्सिडी (अधिकतम रू.20 लाख)।

तीन वर्षों के लिए बैंडविड्थ लागत की प्रतिपूर्ति (अधिकतम रू. 50,000 प्रति वर्ष)।

एआर, वीआर, और एआई जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना।

अंतर्राष्ट्रीय सह-उत्पादन और साझेदारियों के लिए 30त्न व्यय की प्रतिपूर्ति (अधिकतम रू. 2 करोड़)।

**महिला उद्यमिता और छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के लिए विशेष समर्थ**

इन नीतियों के माध्यम से, डॉ. मोहन यादव की मध्य प्रदेश सरकार तकनीकी नवाचार, निवेश, और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करते हुए डिजिटल क्रांति के स्वर्णिम पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है, जिससे राज्य को एक प्रमुख तकनीकी हब के रूप में स्थापित किया जा सके।

**(लेखक मध्यप्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हैं।)**

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से लंबित सभी आवेदनों का निराकरण करें : कलेक्टर

## शिविर लगाकर तय समय सीमा में ई केवाईसी अपडेट कराएं : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण तथा सीएम डैशबोर्ड में शामिल बिन्दुओं पर भी तत्परता से कार्यवाही कर ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर निगम, नगरीय निकाय तथा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका प्राथमिकता से निराकरण करें। सभी अधिकारी स्वयं आवेदनों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शेष बचे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। इसके लिए पंचायतों में शिविर लगाएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले बीएमओ तथा आशा कार्यकर्ता के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। सभी शासकीय अस्पतालों तथा निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसव की जानकारी शत-प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई एकल नलजल योजनाओं का कार्य पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। कंदैला समूह नलजल योजना तथा एकल नलजल योजनाओं में नल कनेक्शन के कार्य में तेजी लाएं। नलजल योजनाओं और हैण्डपंपों पर सतत निगरानी रखकर हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति करें। हैण्डपंप खराब होने की सूचना मिलने पर उसे 24 घंटे की समय सीमा में सुधारें। कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी छात्रवृत्ति के शेष आवेदन में दो दिवस में निराकृत करें। कक्षा एक से 12 तक में विद्यार्थियों का लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत शाला प्रवेश कराएं। शाला जाने योग्य कोई भी बच्चा शाला जाने से वंचित न रहे। उप संचालक पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा सीएम डैशबोर्ड के अन्य बिन्दुओं पर तत्काल कार्यवाही करें। जिले भर में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन किसानों से किया जा रहा है। उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान देना सुनिश्चित करें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम खरीदी केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता तथा गेंहू के परिवहन की समुचित व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने कहा कि समग्र पोर्टल तथा खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी योजना के पोर्टल में तय समय सीमा में कराएं। इसके लिए ग्राम पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्र के वार्डों में शिविर लगाएं। हर विकासखण्ड में कम से कम पाँच हजार व्यक्तियों का ई केवाईसी प्रतिदिन कराएं। तभी तय समय सीमा में कार्य पूरा होगा। सभी सीएमओ भी वार्डों में शिविर लगाकर लक्ष्य के अनुसार ई केवाईसी कराएं। जिन परिवारों में सदस्य संख्या में पाँच से अधिक है उनका ई केवाईसी सबसे पहले कराएं। खाद्य सुरक्षा योजना में ई केवाईसी कराने के साथ पात्र हितग्राहियों का सत्यापन भी हो रहा है। सत्यापन के समय मृतक तथा स्थाई रूप से पलायन करने वाले परिवारों एवं विषमता परिवार के सदस्यों को पोर्टल से पृथक करने की कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों का जवाबदावा समय पर दायर करें। अवमानना के प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का तत्काल पालन करते हुए प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग में बड़ी संख्या में न्यायालयीन प्रकरण दर्ज होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों के स्वत्वों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर तथा जिला कोषालय अधिकारी शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों तथा स्थापना एवं लेखा प्रभारियों की बैठक? करके बिलों के संबंध में उचित प्रशिक्षण दें। इसके बाद भी यदि कार्य में प्रगति नहीं होती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि ई आफिस प्रणाली के माध्यम से ही अब फाइलों का निपटारा हो रहा है। अधिकारी ई आफिस प्रणाली से ही फाइलों का मूवमेंट करें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों की निगरानी तथा गेंहू उपार्जन के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम जनपद के सीईओ तथा सभी सीएमओ और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक, कलेक्टर और एसपी ने लिया मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा



**रीवा,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा जिले के जवा तहसील में ग्राम दिव्यगवां में दौरा कार्यक्रम 4 मई को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव शासकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे तथा विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड तथा महाविद्यालय भवन का निरीक्षण किया एवं तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की सभा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में आमजन पहुंचेंगे। इनके बैठने तथा पेयजल के लिए समुचित व्यवस्था करें। हेलीपैड स्थल और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें। वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित कराएं। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक उपचार दल तैनात रखें। आमजनता के बैठने की सेक्टरवार व्यवस्था करें। प्रत्येक सेक्टर में पेयजल व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए अधिकारी तैनात रहें। मुख्य मंच में केवल सूची में शामिल लोगों को ही प्रवेश दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीओपी उदित मिश्रा, एसडीएम पीयूष भट्ट तथा अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 मई तक

**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो।

# नीट यूजी परीक्षा 4 मई को - कलेक्टर ने परीक्षा के संबंध में दिए निर्देश

## किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण और खाद्य पदार्थ ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

**रीवा,कासं।** निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 4 मई, रविवार को एनटीए नीट यूजी की परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो तथा पासपोर्ट आकार की दो फोटो अवश्य साथ लाएं। इसके साथ-साथ किसी एक अधिकृत फोटो पहचान पत्र की मूल तथा वैध प्रति लेकर आना आवश्यक है। पारदर्शी बोतल में पानी लेकर आने की अनुमति रहेगी। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में जूते पहनने की अनुमति नहीं रहेगी लेकिन कम हील की सैण्डल अथवा चप्पल परीक्षार्थी पहन सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हीटबैण्ड आदि ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। चश्मा, घड़ी, बेल्ट, कैप, हैण्डबैग, कैमरा, ब्रेसलेट तथा किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ का ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा। अपारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। परीक्षार्थी हल्के कपड़े पहनें जिनकी आस्तीन लंबी न हों। फैंसी पाकेट, जिपर, बैज आदि लगा न हो। छात्राएं किसी भी तरह के गहने अथवा धातु की बनी वस्तुओं को न पहनें। फैंसी और कढ़ाईदार कपड़े भी न पहनें। परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली तथ्यहीन सूचनाओं और अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाहों की तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। नीट यूजी परीक्षा में अनुचित साधनों और अपराधों के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन अधिनियम 2024 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# जिले में 951831 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**रीवा,कासं।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 12 लाख 59 हजार 816 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इन सभी सदस्यों का ई केवाईसी दर्ज कराने तथा मृतक एवं स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही लगातार की जा रही है।

इसके लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है।

इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में 9 लाख 51 हजार 831 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 123446, जवा में 114452, रायपुर कर्चुलियान में 153387, रीवा में 152932, सिरमौर में 164493, त्योंथर में 112385 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 61483, नगर परिषद डभौरा में 12550, बैकुण्ठपुर में 5718, चाकघाट में 5720, गोविंदगढ़ में 7005, गुढ़ में 8341, मनगवां में 6961, सेमरिया में 8356, नगर परिषद सिरमौर में 5507 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9095 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। जिले में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 22773 ई केवाईसी अपडेशन किया गया।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने जारी की चेतावनी, खाली हो सकता है आपका अकाउंट, न करें ऐसा

**नई दिल्ली ,ए.।** केंद्र सरकार ने सभी नागरिकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा कि पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करके वित्तीय लेनदेन और संवेदनशील गतिविधियां न करें। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हवाई अड्डों, कॉफी शॉपों और सार्वजनिक स्थानों पर मुफ्त पब्लिक वाई-फाई सुविधाजनक लग सकता है, लेकिन यह आपकी निजी और वित्तीय जानकारी के लिए बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इनमें से कई पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उचित रूप से सुरक्षित नहीं हैं, जिससे वे हैकर्स और घोटालेबाजों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-आईएन) ने अपनी 'जागरूकता दिवस' पहल के तहत यह नया रिमाइंडर जारी किया है। एडवाइजरी में नागरिकों को पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क पर बैंकिंग या ऑनलाइन शॉपिंग जैसी संवेदनशील गतिविधियां करने के प्रति आगाह किया गया है। सीईआरटी-इन ने बताया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई-फाई पर असुरक्षित कनेक्शन को आसानी से हैक कर सकते हैं, जिससे यूजर्स का डेटा चोरी और वित्तीय हानि का सामाना करना पड़ सकता है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वह ऐसे नेटवर्क से जुड़ने पर लेनदेन करने या व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें। अपने जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, सीईआरटी-आईएन ने कुछ जरूरी सेफ्टी प्रैक्टिस टिप्स भी शेयर किए हैं। इसमें कहा गया कि कभी भी अज्ञात स्रोतों से लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें, सभी ऑनलाइन खातों के लिए लंबे और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और नियमित रूप से महत्वपूर्ण फाइलों का बैकअप बाहरी ड्राइव पर रखें। यह आदतें व्यक्तिगत जानकारी के इर्द-गिर्द मजबूत सेफ्टी बनाने में मदद कर सकती हैं। सरकार एजेंसी ने कहा कि अगर उचित सावधानी न बरती जाए तो ईमेल चेक करना या सार्वजनिक वाई-फाई पर सोशल मीडिया अकाउंट में लॉग इन करने जैसी सरल गतिविधियां भी जोखिम भरी हो सकती हैं। सीईआरटी-आईएन भारत में साइबर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करती है।

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 400 अंक उछला

**मुंबई ,ए.।** मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.30 बजे सेंसेक्स 400.7 अंक या 0.51 प्रतिशत बढ़कर 79,613.28 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 88.65 अंक या 0.37 प्रतिशत चढ़कर 24,128.00 पर था। निफ्टी बैंक 347.85 अंक या 0.64 प्रतिशत बढ़कर 55,011.90 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 230.80 अंक या 0.43 प्रतिशत की बढ़त के बाद 53,801.00 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.55 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के बाद 16,518.65 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार मजबूती के साथ खुलने के लिए तैयार थे, जैसा कि गिफ्ट निफ्टी के रुझानों से संकेत मिलता था, जो निफ्टी के लिए लगभग 110 अंकों का गैप-अप दिखाते हैं। यह सकारात्मक रुख शुक्रवार के अस्थिर सत्र के बाद आया, जहां भारतीय बेंचमार्क सूचकांक 0.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी ने 24,350 जोन के पास एक मुश्किल प्रतिरोध प्राप्त करने के बाद, सत्र के दौरान भारी उतार-चढ़ाव के साथ मुनाफावसूली देखी और महत्वपूर्ण 200 पीरियड एसएमए के पास 24,050 के स्तर पर बंद हुआ। इससे कुछ हद तक पूर्वाग्रह में बदलाव दिखा, लेकिन ट्रेंड अभी भी सकारात्मक बना हुआ है। पीएल कैपिटल ग्रुप की टेक्निकल रिसर्च वाइस प्रेसिडेंट वैशाली पारेख ने कहा, जैसा कि पहले कहा गया है, हम अपना रुख बनाए रखते हैं, इंडेक्स को 23,800 जोन के पास निकट अवधि का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त है, जो कायम रहता है तो आने वाले दिनों में आगे की बढ़त हासिल कर सकता है।

# आरसीबी ने दिल्ली को हराकर टॉप पर किया कब्जा, क्रुणाल पांड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच



## -विराट कोहली ने जड़ा अर्धशतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के 46वें मैच दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराकर प्वाइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ नंबर एक पर कब्जा कर लिया है. इसके साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ में भी अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है. वहीं इस हार के साथ दिल्ली 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है.

इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली से जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य को 18.3 ओवर में 9 बॉल बाकी रहते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत लिया. आरसीबी की जीत के हीरो क्रुणाल पांड्या रहे. आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने 47 बॉल में 4 चौकों की मदद से 51 रनों की पारी खेली. तो वहीं क्रुणाल पांड्या ने 47 बॉल में 5 चौके और 4 छक्कों के साथ नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी. उन्होंने बल्ले के अलावा गेंद के साथ भी एक 1 विकेट हासिल किया जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. डीसी के लिए अक्षर पटेल ने 2 और दुष्मंता चमीरा ने 1 विकेट हासिल किया.

दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली. फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए।

## भुवनेश्वर कुमार ने रचा इतिहास, आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बने दूसरे गेंदबाज

**दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का 46वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में आरसीबी के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया है. वो आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट ने लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं। इस मैच में भुवनेश्वर कुमार ने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है. भुवी ने इस मैच में 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही भुवी ने यह खास उपलब्धि हासिल कर ली है. उन्होंने भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है जिनके नाम भुवी से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज का खिताब दर्ज था। अब भुवनेश्वर कुमार 185 मैचों में 193 विकेट लेकर आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं. उनसे आगे सिर्फ युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 169 मैचों में 214 विकेट हासिल किए हैं. अब तीसरे स्थान पर पीयूष चावला मौजूद हैं जिनके नाम 192 मैचों में 192 विकेट मौजूद हैं। इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली।



फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक आरसीबी 7 ओवर में 3 विकेट खोकर 45 रन बना चुकी है।

# ईपीएफओ ने पीएफ ट्रांसफर नियमों को बनाया बेहद आसान और तेज, घर बैठे होगा सारा काम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने नौकरीपेशा लोगों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब एक नौकरी से दूसरी नौकरी बदलने पर प्रोविडेंट फंड (क्क्र) ट्रांसफर करना और भी आसान और तेज़ हो गया है। श्वक्क्रह्र ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन करने और सदस्यों की सुविधा बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

पहले, भविष्य निधि (PF) ट्रांसफर की प्रक्रिया में दो ईपीएफओ कार्यालयों ङ्क स्रोत कार्यालय (जहां से पीएफ ट्रांसफर होना है) और गंतव्य कार्यालय (जहां पीएफ ट्रांसफर होना है) ङ्क दोनों की मंजूरी की आवश्यकता होती थी। इससे ट्रांसफर में काफी समय लगता था और सदस्यों को परेशानी होती थी।

मगर, नई व्यवस्था के तहत अब ज्यादातर मामलों में गंतव्य कार्यालय से अनुमोदन लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। श्वक्क्रह्र द्वारा विकसित किए गए 'रिवैम्प्ड फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर' के माध्यम से, जैसे ही स्रोत कार्यालय से ट्रांसफर क्लेम स्वीकृत होगा, पुराना पीएफ खाता राशि स्वचालित रूप से सदस्य के मौजूदा खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। इस बदलाव से पीएफ ट्रांसफर की प्रक्रिया में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा और ईपीएफओ सदस्यों को सीधा लाभ मिलेगा।

इस नई सुविधा में पीएफ राशि के कर योग्य (Ta&able) और गैर-कर योग्य (Non-Ta&able) हिस्से को स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाया गया है। इससे कर योग्य पीएफ ब्याज पर टीडीएस (ञ्जष्ठस्) की गणना सटीक तरीके से हो सकेगी। अनुमान है कि इस कदम से हर साल लगभग 1.25 करोड़ सदस्यों को फायदा होगा और करीब 90,000 करोड़ रुपये के पीएफ ट्रांसफर को गति मिलेगी।

# आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करना पड़ा भारी, ऋषभ पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस से 54 रनों से हार का सामना करना पड़ा. जिसके बाद वो अंक तालिका में छठे नंबर पर लुढ़क गई। जहां इस हार से लखनऊ को अंक तालिका में एक पायदान का नुकसान हुआ है वहीं कप्तान ऋषभ पंत सहित पुरी टीम पर धीमी ओवर गति की वजह से दूसरा बड़ा झटका लगा है. चूंकि यह एलएसजी का इस सीजन का ये दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है।

आईपीएल ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इस मैच के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की प्लेइंग इलेवन के अन्य सदस्यों, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, पर छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह (4-22) और ट्रेंट बोल्ट (3-20) की शानदार गेंदबाजी और रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक अर्धशतक जड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। लखनऊ के लिए यह हार बहुत मुश्किल थी, क्योंकि इससे वे 2025 के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में पिछड़ गए।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रावत एवं प्रवक्ता शर्मा बोले- मप्र के कर्मचारियों में हर्ष नहीं, रोष व्याप्त है

## -मुख्यमंत्री के बयान पर संविदा कर्मचारियों ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

## -पांचवे दिन भी जारी रही संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल




**शिवपुरी ब्यूरो।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के मप्र के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है वाले वयान पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मप्र के कर्मचारियों में हर्ष नही रोष व्याप्त है। सरकार कर्मचारियों की सुन नहीं रही है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी राष्टीय स्वास्थ्य मिशन मप्र की हठधर्मिता के चलते पिछले पांच दिन से हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं, लेकिन सरकार को कोई नुमाइंदा सारगर्भित चर्चा के लिए अब तक पहल नही कर सका है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि मप्र राष्टीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी नई संविदा नीति के विरोध में हड़ताल पर गए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों शिवपुरी के तात्याटोपे पार्क में डेरा जमाए वैठे हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल आज पांचवे दिन भी बड़े ही जोर-शोर से जारी रही। जहां उन्होंने थाली गाली के साथ राष्टीय स्वास्थ्य मिशन सहित मप्र सरकार को कोसा। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शेर सिंह रावत ने राष्टीय स्वास्थ्य मिशन पर तानाशाही पूर्व नीति का अनुसरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कोविड जैसी महामारी में प्राण प्रण से सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की सुध नहीं ले रही हैं। इससे भी गंभीर चिंता का विषय है सरकार को ठप्प स्वास्थ्य सेवाओं के चलते परेशान हो रहे मरीजों की फिक्र भी नहीं है। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन को कई अल्टीमेटम देने के बाद भी कर्मचारियों की सुनवाई नहीं की जा रही है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है जबकि मप्र सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव मीडिया में बयान दे रहे कि मप्र के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। मप्र में संविदा कर्मचारी हो या रिटायर्ड कर्मचारी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुनील जैन ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटीलेटर आ गई हैं वहीं अब तक सरकार या एनएचएम की ओर से हड़ताली कर्मचारियों से कोई सार्थक चर्चा की पहल नहीं की गई है जिससे हालात और भी गंभीर होते जा रहे हैं। कर्मचारियों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। संघ के प्रवक्ता अखिलेश शर्मा ने कहा कि सरकार में आज वह लोग काबिज है जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ स्वयं आंदोलन किए हैं , लेकिन वह संवदि कर्मचारियों की पीड़ा को क्यूं नहीं समझ पा रहे हैं यह आश्चर्यजनक है। जबकि संविदा कर्मचारियों की मांग पूर्णतः स्पष्ट है कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा घोषित नीति को लागू किया जावे। नवीन संविदा नीति को समाप्त किया जाना चाहिए। नवीन नीति पूर्णतः भाजपा के घोषणा पत्र के विपरीत है इससे कर्मचारी आक्रोशित हैं।

# महिला पत्रकार पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी पर एफआईआर दर्ज

## पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन, विधायक ने की कार्रवाई की मांग



**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी के एक समर्थक पर सोशल मीडिया पर महिला पत्रकार पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा है। घटना 26 अप्रैल को हुई जब पत्रकार मणिका शर्मा ने फेसबुक पर बगावती विधायकों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की कार्रवाई को लेकर एक पोस्ट डाली थी। इस मामले में पत्रकारों ने भी आज पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा इसके बाद आरोपी पर एफआईआर दर्ज की गई। मणिका शर्मा के अनुसार विधायक समर्थक रवि कुमार लोधा ने इस पोस्ट पर अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी की। मणिका ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी की फेसबुक प्रोफाइल का यूआरएल एवं अभद्र टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे। थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने पुष्टि की कि आरोपी के खिलाफ धारा 79 बीएनएस और धारा 67 आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी की सोशल मीडिया गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। वहीं, विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने फेसबुक पर पोस्ट कर अपने समर्थकों से अपील की कि वे हमेशा सम्मानजनक भाषा का इस्तेमाल करें। उन्होंने प्रशासन से मामले में दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नरवर मंडी में मूंगफली लोड करते समय ट्रक और दीवार के बीच फंसा ड्राइवर, मौत, जेसीबी से निकाला शव



**शिवपुरी ब्यूरो।** कृषि उपज मंडी में ट्रक में मूंगफली लोड करते समय ड्राइवर वाहन और दीवार के बीच फंस गया। मंडी में मौजूद लोगों ने तत्काल जेसीबी बुलाकर ड्राइवर को बाहर निकाला। आसपास के लोग घायल को स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार सुबह 11 बजे नरवर कस्बे की पुरानी कृषि उपज मंडी की है। जहां मदनलाल नंदकिशोर फर्म के मील पर मूंगफली दाना लोड करते समय ट्रक अचानक चल पड़ा। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे 11 सीजी 5144 मूंगफली दाना भरने के लिए मंडी आया था। लोडिंग के दौरान ट्रक अचानक चल पड़ा। चालक कल्ला बाथम ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया। वह ट्रक पर चढ़ा, लेकिन संतुलन बिगडने़ के कारण मील की दीवार और ट्रक के बीच फंस गया। कुछ ही क्षणों में उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने तत्काल जेसीबी को सूचना दी। मौके पर पहुंची जेसीबी ने ट्रक हटाया इसके बाद शव निकाला गया। लोग घायल को नरवर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों पकड़ा, खसरे में सुधार करने के एवज में मांगे थे रुपए

**शिवपुरी ब्यूरो।** लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को खनियाधाना में पटवारी मनोज निगम को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। पटवारी ने खसरे में नाम सुधार के लिए हनुमंत सिंह से रिश्वत मांगी थी। ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर पटवारी को पकड़ा। हनुमंत सिंह ने इस मामले की शिकायत ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में की। सोमवार को जब वह बाकी पैसे देने पटवारी के घर पहुंचे, लोकायुक्त की टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हनुमंत सिंह की बुआ के पिता का नाम खसरे में गलत दर्ज था। मथरी की जगह मथुरा लिखा गया था। नाम सुधार के बिना रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी। इसलिए हनुमंत सिंह ने पटवारी मनोज निगम से संपर्क किया। पटवारी ने शुरू में 10हजार रुपए की मांग की। बातचीत के बाद 5 हजार रुपए में डील तय हुई। शिकायतकर्ता ने पहली किस्त के रूप में शनिवार को पटवारी को 2 हजार रुपए दिए थे। बाकी 3हजार रुपए सोमवार को देना तय हुआ। सोमवार को जब वह बाकी पैसे देने पटवारी के घर पहुंचे, लोकायुक्त की टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते पकड़ लिया।



# सुखवीर डांस एकेडमी का मेगा समर कैम्प 2 मई से प्रारंभ होगा, स्केटिंग, डांस एवं एरोबिक की लगेगी क्लास



**शिवपुरी ब्यूरो।** गर्मियों की छुट्टियों प्रारंभ होते ही सुखवीर डांस एकेडमी द्वारा बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए मेगा समर कैम्प का आयोजन 2 मई से किया जा रहा है जिसमें स्केटिंग, डांस, एरोबिक से लेकर कई विधाओं का प्रशिक्षण शहर के अलग-अलग 5 स्थानों पर सुबह और शाम को दो पारियों में दिया जाएगा। इस मेगा समर कैम्प में सभी बढ़चढ़कर भाग ले सकते हैं। सुखवीर डांस एकेडमी के संचालक सुखवीर कुशवाह ने बताया कि 2 मई से शहर में सात स्थानों पर अलग-अलग जगह मेगा समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प का आयोजन वीर सावरकर पार्क, पटेलनगर पार्क, शगुन वाटिका कमलागंज, एनसीसी रोड फॉरेस्ट कॉलोनी खिन्नी नाका एवं आईस पैलेस होटल पुरानी शिवपुरी आदि स्थानों पर किया जाएगा। कैम्प में वीर सावरकर पार्क में स्केटिंग, योगा, जय माँ काली अखाड़ा पर जिम्नाष्टिक, पटेल नगर पार्क में डांस क्लासेज, शगुन वाटिका कमलागंज पर जुम्बा एरोबिक गर्ल्स एण्ड बॉयस, फॉरेस्ट कॉलोनी खिन्नी नाका शिवपुरी एवं आईस पैलेस होटल पुरानी शिवपुरी में वेस्टर्न, हिपोप, लोकिंग/पोपिंग, बीबोईन, सालसा, क्लासिकल, सेमीक्लासिकल, एरोबिक, मर्शाल आर्ट कराते, बॉलीबुड, ब्रेक डांस, कॉम्पटीशन डांस, महिला संगीत, एन्युअल फंग्शन इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक लोग अपना रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा ले जिससे इस मेगा समर कैम्प का लाभ उठा सकें। समर कैम्प दो पारियों में आयोजित किया जाएगा जो पहली पारी में सुबह 5 बजे से और दूसरी पारी में शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा।

# आमजन को पेयजल, विद्युत और चिकित्सा सेवाएं मिले निर्बाध : डीएम

## आवश्यक सेवाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति की बैठक का हुआ आयोजन




**धौलपुर ब्यूरो।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारी सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता मे जिला कलक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। बैठक में उन्होंने गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सभी अधिकारी को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए जिले के ग्रामीण ने एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत सालाई निर्वाध बनाये रखते हुए आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निराकरण करना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं से जुडे विभाग नियंत्रण कक्ष स्थापित कर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। अधिकारी 24 घंटे में दर्ज शिकायतों का प्रतिदिन निरीक्षण कर आमजन से फीडबेक भी ले जिससे समस्या निराकरण की जानकारी मिल सके। उन्ननि विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में सभी आवासीय एरिया में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों से पानी की उपलब्धता कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ नियमित अभियान चालाये तथा नवीन कनेक्शनों को समय पर जारी करें। उन्होंने कहा कि पंचायत समितिवार हैण्डपम्प मिस्त्री की टीम बनाकर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये। जल जीवन मिशन में कार्यो को गति देते हुए खोदी गई सड़कों की गुणवत्ता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत निगम को जिले में सभी जलस्त्रोतों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखकर नवीन ट्यूबवैलों पर समय पर कनेक्शन करने आम उपभाक्ताओं के जले ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने से विद्युत सप्लाई में व्यवधान आने पर शीघ्र दुरूस्त कराई जाये। उन्होंने ढीले तारों को टीम बनाकर कर ठीक कराने घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों के लिए आवश्यक सामग्री निधारित समय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखकर समस्याओं का निराकरण करने, प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिधत करने के निर्देश दिये। उन्होंने हीटवेव से बचाव के लिए समय-समय पर एडवाइजरी जारी करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्साकर्मियों को आमजन से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव की आवश्यक दवायें, ओआरएस घोल का पर्याप्त स्टॉक रखें तीमारदारों के लिए छाया, पानी तथा वार्डो में पंखे, कूलर, एसी को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी स्टॉफ संवेदनशीलता से कार्य कर समय की पालना सुसनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को बजट घोषणाओं को प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध धरातल पर साकार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार को मंशा के अनुसार पेयजल, विद्युत आपूर्ति बनाये रखकर आमजन को निर्बाध आपूर्ति बनाये रखने, चिकित्सा सेवाओं को उपलब्धता करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उप निदेशक आईसीडीएस धीरेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक मुश्त समाधान योजना की शुरू

**धौलपुर ब्यूरो।** अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा दिये गये ऋणों में बकाया किश्तों पर दण्डनीय ब्याज की छूट प्रदान किये जाने हेतु एक मुश्त समाधान योजना शुरू की गयी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राखी शर्मा ने बताया कि योजना के अनुसार एक मुश्त बकाया ऋण राशि मय साधारण ब्याज जमा कराये जाने पर दण्डनीय ब्याज में शतप्रतिशत छूट का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति जिन्होंने अल्पसंख्यक विभाग से 31 मार्च 2024 तक ऋण प्राप्त किया है तथा समय पर किश्तों की अदायगी नहीं की गयी है। वह एक मुश्त बकाया ऋण राशि मय साधारण ब्याज के 1 मई 2025 से प्रारम्भ की गयी है जिसमें ऋणी दण्डनीय ब्याज की शत प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर वैधानिक कार्यवाही तथा ऋण से मुक्ति पायें।

# दावे एवं आपत्तियां 5 मई तक करे प्रस्तुत

**धौलपुर ब्यूरो।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार जिले की नवगठित नगर पालिका मनिया एवं सैपऊ में उनकी सीमा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर वार्डो का गठन एवं परिसीमांकन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि वार्डो के गठन एवं परिसीमांकन का वार्डवार विवरण जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय तथा सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावों पर यदि किसी भी व्यक्ति के कोई दावे एवं आपत्तियां हो तो वह अपने दावे एवं आपत्तियां 5 मई तक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय अथवा सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है।

# खोड़ रेंज के शेरगढ़ में चार हेक्टेयर प्लांटेशन जली, बीड़ी-सिगरेट से आग लगने की आशंका

**शिवपुरी ब्यूरो।** खोड़ रेंज स्थित शेरगढ़ क्षेत्र में सोमवार दोपहर प्लांटेशन में आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया। सूचना मिलने पर फॉरेस्ट अमला और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फॉरेस्ट विभाग के एसडीओ मनोज सिंह ने बताया कि आग लगभग तीन से चार हेक्टेयर क्षेत्र में फैल चुकी थी। मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, जिसने वनकर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने का अभियान चलाया। भीषण गर्मी और तेज हवा के चलते आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन सतर्कता से स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया। फॉरेस्ट विभाग ने आमजन और स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल क्षेत्र में बीड़ी, सिगरेट या कोई भी जलती हुई वस्तु न फेंकें। गर्मी के दिनों में सूखी घास और पत्तों के कारण मामूली चिंगारी भी भीषण आग का रूप ले सकती है, जो वन्यजीवों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनती है।

# साले की शादी में आए युवक ने खाया जहर, मौत

## पिता ने ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**शिवपुरी ब्यूरो।** थनरा गांव में ससुराल आए एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवक की हालत बिगडने़ पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर जलील करने और समय पर सूचना न देने के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार संकटमोचन कॉलोनी पिछोर निवासी नरेन्द्र जाटव उम्र 30 वर्ष अपने ससुराल थनरा गांव में साले की शादी में शामिल होने आया था। नरेन्द्र की शादी दो साल पहले विशाखा जाटव से हुई थी और उनका एक साल का बेटा भी है। बताया गया है कि रविवार शाम नरेन्द्र अचानक पिछोर जाने की जिद करने लगा। पत्नी के मना करने पर नरेन्द्र नाराज होकर बाइक से निकल गया। रात करीब साढ़े 9 बजे नरेन्द्र ने पत्नी को फोन कर जहर खाने की सूचना दी। सूचना मिलने पर थनरा पुलिस चौकी ने नरेन्द्र को करैरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह नरेन्द्र ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है। मृतक के पिता हरज्ञान जाटव का आरोप है कि घटना की सूचना उन्हें देर से दी गई। अगर रात में सूचना दी जाती तो वे बेटे का इलाज झांसी जैसे बड़े अस्पताल में कराते और उसकी जान बचाई जा सकती थी। हरग्यान ने कहा कि ससुराल वालों ने मेरे बेटे को जलील किया। समय रहते बचाने की कोशिश न करने का लगाया आरोप। हरज्ञान ने ये भी बताया कि शादी के खर्चे को लेकर नरेन्द्र और उसकी पत्नी विशाखा के बीच पहले से विवाद चल रहा था। विशाखा अपने भाई की शादी में ज्यादा खर्च कराना चाहती थी, जबकि नरेन्द्र आर्थिक स्थिति ठीक न होने की बात कर रहा था। इसी विवाद के चलते विशाखा अपने भाई के साथ मायके चली गई थी। नरेन्द्र अकेले साले की शादी में शामिल होने आया था, जहां उसे अपमानित किया गया और दुखी होकर उसने जहर खा लिया।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33 7195 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री आदिराम आदिवासी पुत्र श्री हरूआ आदिवासी नि. ग्राम दुल्हई जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को बल्ला बघेल पुत्र श्री नकटूराम बघेल निवासी ग्राम घटाई जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33 ZB 8268 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री गोविन्ददास जाटव पुत्र श्री लल्लू जाटव नि. ग्राम कड़ोरा इमलिया जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को अनिल कुशवाह पुत्र श्री सुरेश कुशवाह नि. देहात थाना के पीछे, पुरानी शिवपुरी जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33 MZ 6649 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री गौरव राजा पुत्र श्री राजन सिंह नि. ग्राम फतेहपुर तह. नरवर जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को दान सिंह पुत्र श्री भगवानलाल नि. ग्राम चक भड़ौता जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33 ZB 1095 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री अनिल पुत्र श्री देशराज आदिवासी नि. ग्राम भरतपुर मजरा इमलिया जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री परमाल सिंह यादव नि. ग्राम गढ़ा जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फायनेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33 ZB 1073 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री प्रकाश आदिवासी पुत्र श्री रामचरण आदिवासी नि. ग्राम सड़ जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फायनेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को संदीप शर्मा पुत्र श्री रामचरण शर्मा नि. ग्राम सुमैला तह. बदरवास जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

## विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन

**(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**
**(शीर्षक)**
**न्यायालय-श्रीमान् मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण**
**(उत्तरी) कानपुर नगर**
**प्रतिकर वाद सं. 735/2018**

श्रीमती ममता उम्र 33 वर्ष वयस्क पत्नी स्व.रामप्रकाश रैदास नि. दधिका बिल्हौर, कानपुर नगर व 1 अन्य - वादीगण

**बनाम**

1. प्रताप सिंह पुत्र शिवचरन निवासी 27, लोधी मोहल्ला कासीमपुर धौलपुर राजस्थान ( 328001)

**--- प्रतिवादी सं. 1**

ममता आदि आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 11.7.2025 को दिन में 10.30 जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिये समक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी सखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्तिहो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निदेश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज रप चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराईके दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर रहते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बातई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज ता. 15.4.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

**आज्ञा से**
**मुंसरिम**
**मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण**
**(उत्तरी) कानपुर नगर**

# सभी सीएमओ जर्जर भवनों को ध्वस्त करना एवं गंदी नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करें - सीईओ जिला पंचायत

## संबंधित विभाग ''जल गंगा सर्वधन'' अभियान के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें, टीएल बैठक सम्पन्न



**मुरैना,कांस।** सभी विभाग ''जल गंगा संवर्धन'' अभियान के तहत दिये गये लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी सीएमओ जर्जर भवनों को ध्वस्त करना एवं गंदी पड़ी नाले-नालियों की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें, जिससे कोई बीमारी न फैले। जो विभाग सीएम हेल्पलाइन में 'बी' और 'सी' केटगरी में हैं, वे विभाग तत्परता से कार्य करें, ताकि जिले की रैकिंग में सुधार आये। सभी नगरीय निकायएक सप्ताह के अंदर ई-केवायसी में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। ये निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव ने टीएल बैठक के दौरान समस्त जिला अधिकारियों को दिये। सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में विभागों से संबंधित समय-सीमा के पत्रों, सीएम हेल्पलाईन आदि विषयों पर समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, समस्त एसडीएम, समस्त विभाग प्रमुख एवं जिला अधिकारी, समस्त सीएमओ नगर पालिका, समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि अप्रैल माह की 80 प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराना सुनिश्चित करें तथा 50 दिवस से लंबित शिकायतों का भी निराकरण करें, जिससे रैकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई। जिसमें उन्होंने पाया कि अमृत सरोवर 22 में 02, डगवेल रिचार्ज 700 में 153, तालाब 2200 में 902 की प्रगति हुई है।

उन्होंने समस्त सीईओ को लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सीईओ द्वारा समग्र आईडी की ई-केवायसी की समीक्षा की गई। नगर पालिका बानमोर में 32.68 प्रतिशत, नगर पालिका सबलगढ़ 39.22 प्रतिशत, नगर निगम मुरैना में 39.30 प्रतिशत के अनुसार कम प्रगति पाई गई। इसी प्रकार, जनपद पंचायत अम्बाह में 45.96 प्रतिशत, जौरा 48.87 प्रतिशत, पोरसा में 46.98 प्रतिशत बहुत कम कार्य हुआ है। जो कि दिये गये लक्ष्य के कम पाया। इसको देखते हुये समस्त जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। सीईओ द्वारा खाद्यान्न पर्ची की ई-केवायसी की समीक्षा की गई। जिसमें जनपद पंचायत पहाड़गढ़ में 74 प्रतिशत सबसे कम कार्य प्राप्त हुआ। उन्होंने श्रम विभाग का सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को भुगतान का मुख्यमंत्री द्वारा 30 अप्रैल को किया जाना है। सीईओ द्वारा कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट कराने के निर्देश समस्त सीईओ एवं सीएमओ को दिए गए। मुरैना जिले में 11 वक्फ संपत्तियों के ऑनलाईन सत्यापन होने को शेष हैं। समस्त एसडीएम को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पशुपालन एवं मत्स्य विभाग में केसीसी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिये एवं उन्होंने समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिये कि अनुग्रह सहायता का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खेतो में नरवाई जलाने के संबंध में जानकारी समस्त एसडीएम से ली।

उन्होंने खसरे में अमृत सरोवर के संबंध में डाटा एन्ट्री के निर्देश दिये एवं समस्त सीएमओ को नगरीय क्षेत्रों में प्याऊ लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हेंडपंप के संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करें, इसके बाद उन्होंने अंतरविभागीय मुद्दो को सुना।

# वीरपुर तहसील के लीलदा गांव में युवक के अंतिम संस्कार में विवाद से तनाव

## सात घण्टे तक चक्काजाम

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**वीरपुर/विजयपुर।** बीरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम लीलदा में सोमवार को जाटव समाज के एक युवक के अंतिम संस्कार के दौरान रावत समुदाय के कुछ लोगों द्वारा शव जलाने से रोकने पर विवाद हो गया। इस अमानवीय कृत्य के चलते मौके पर तनाव की स्थिति बन गई और पथराव भी हुआ।घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप एनएच 552 पर शव रखकर रास्ता जाम कर दिया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताया गया है कि घटना सुबह 10 बजे की है।पीड़ित पक्ष ने प्रशासन की बात नहीं मानते हुए 10 बजे चक्काजाम कर दिया जो सायंकाल 5 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा व पुलिसअधीक्षक वीरेन्द्र जैन के आश्वासन पर समाप्त हुआ।सात घण्टे तक हुए चक्काजाम के दौरान वाहन चंबल नहर आदि



रास्तों से गुजरे।प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बताया गया है कि घटना की सूचना मिलते ही बीरपुर तहसीलदार व थानाप्रभारी राजन सिंह गुर्जर तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए।इसके बाद मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा व एसडीओपी राघवेंद्र सिंह भी बीरपुर पहुंच गए।यह भी विदित हुआ है कि उक्त दोनों पक्षों में पुनः विवाद नहीं हो इस स्थिति को मद्देनजर रखते हुए भारी पुलिस बल बीरपुर में तैनात किया गया है।

# जाटव समाज की महापंचायत 4 को, गॉव-गॉव जनसम्पर्क जारी



**मुरैना,कांस।** जिले में जाटव समाज के लोगों पर हो रहे अन्याय, अत्याचार के विरोध में तथा समाज में कुरीतियो को मिटाने के लिए एक महापंचायत का आयोजन 4 मई को सुबह 11 बजे मेला ग्राउण्ड में किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। जिले में आए दिन जाटव समाज के लोगो पर अन्याय,अत्याचार कर उनकी हत्या, हत्या का प्रयास उन्हें तरह-तरह से प्रताडित किया जा रहा है। जिसे लेकर जाटव समाज की एक महापंचायत 4 मई को सुबह 11 बजे मेला मैदान मुरैना में होने जा रही है। इस महापंचायत में जाटव समाज में फैली कुरीतियो के बारे में भी विस्तृत चर्चा कर उन्हें समाज से मिटाने का संकल्प लिया जायेगा। महापंचायत को सफल बनाने के लिए जाटव समाज के प्रबुद्ध लोगों द्धारा गॉव-गॉव जाकर लोगो से अपील की जा रही है कि इस महापंचायत में अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित होकर महापंचायत को सफल बनायें।

# मुरैना में दिव्यांगजनों का फैशन शो का कार्यक्रम आयोजित हुआ

**मुरैना,कांस।** दिव्यांग स्माइल फाउंडेशन द्वारा रामचरण गार्डन मुरैना में दिव्यांगजनों का फैशन शो का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुरैना विधायक के सुपुत्र देवराज सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। देवराज गुर्जर का कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों द्वारा सॉल श्रीफल और सील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में देवराज गुर्जर ने मूक एवं विकलांगजनों की शानदार प्रतिभा का बखान करते हुए आत्मविश्वास बढ़ाया। देवराज गुर्जर ने मूक एवं विकलांगजनों को भरोसा दिलाया कि हर सुख दुःख में हमेशा तुम्हारे साथ खड़ा दिखूंगा। आपकी मुस्कान ही हमारी असली सफलता



है। मुरैना विधायक सुपुत्र देवराज सिंह गुर्जर की उपस्थिति और समर्थन ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।

# सी.एम.सी.एल.डी.पी.छात्राओं ने दीवार लेखन कर किया जागरुक




(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** म. प्र. जन अभियान परिषद ब्लॉक सबलगढ़ द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अलग अलग तरह की गतिविधियां कराई जा रही हैं जिसमें ब्लॉक समन्वयक श्रीमती बंदना सगर जी के नेतृत्व में BSW/MSW के छात्रों का भी पूर्ण मनोयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की छात्राओं द्वारा दीवार लेखन करके जल संरक्षण और संवर्धन हेतु दीवार लेखन कर जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें गली, मोहल्ले, नगर के लोगो को जागरूक किया गया कार्यक्रम, शिवानी वर्मा, ममता नामदेव,रिचा, सौम्य द्वारा किया गया जिसमे अन्नपूर्णा देवी शिक्षा समाज एवं सांस्कृतिक समिति से शशिकांत मरैया प्रभारी सेक्टर 02 और सह प्रभारी श्री मती वर्षा जादौन (परामर्शदाता) का पूर्ण सहयोग रहा।

# प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संवर्धन के लिए रैली का आयोजन




**अंबाह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की सहयोगी नवांकुर लीड संस्था सक्षम फाउंडेशन द्वारा सेक्टर नंबर दो नयापुरा की ग्यारह ग्राम पंचायत विचोला, भंडोली डंडोली, गूंज, रिठौना, ककरारी, बडफरा, अरोली, मलबसई, खिरटा, जौहा, नगरपालिका क्षेत्र अंबाह में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संवर्धन वह संरक्षण के लिए जन जागरूकत कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं जिसके तहत सर्व प्रथम पहलगांव आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रंद्धाजलि अर्पित की, तत्पश्चात रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जल संरक्षण संवर्धन के लिए जागरूक करना तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों की साफ सफाई वह टूट फूट की मरमत करना है जिससे अधिक से अधिक पानी को बचाया जा सके रैली में पानी व्यर्थ बहाओगे,फिर कहा से पाओगे।। जल संवर्धन का संकल्प, हमको देगा बेहतर कल।। आदि नारे लगाते हुए निकाली गई जिसमें जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक रामकेश सिंह सिकरवार, लाल सिंह किरार,गिरजा शंकर शर्मा, सुशील छारी,नवीन तोमर,अजय कुमार, धर्मेंद्र सिंह तोमर,पवन शर्मा,पवन डंडोतिया, भानु शर्मा, अतिबल सिंह तोमर, प्रियंका, मानवता, दिव्या, नीतू, निधी, प्रदीप कुमार, राकेश गुर्जर, आनंद सिंह तोमर, आदि लोग उपस्थित रहे ।

# बंदूकधारी बदमाशों ने बाइकसवार की पत्नी को लूटा

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** विजयपुर तहसील के चिलमानी थाना क्षेत्र अंतर्गत नकाबपोष तीन बन्दू धारीयो ने बाईक सवार को रोककर उसकी पत्नी से लूटपाट की।

बताया गया है कि सोमवार को सुबह दस बजे विजयपुर अनुभाग के थाना चिलबानी के देबरी ग्राम के निवासी सहदेव पुत्र चिम्मन यादव उम्र24 बर्ष अपनी ससुराल बालापुरा बैराड़ से शादी समोरह से बापिस सहसराम होकर देबरी अपने धर वापिस आ रहा था। मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी ब दो बर्ष के बच्चे को लेकर कच्चे रोड़ से निकला कि अचानक इनारकी धाटी के पास धने जंगल मैं तीन बन्दूक धारी नकाब पोस ब दो अन्य साथियों ने मोटर साईकिल रोक कर सहदेव यादव की पत्नी से गले में पहिने हुये गुलूबंन्द ब एक मंगल सूत्र ब एक ओम तीन जेबर लूट लिए व सहदेव से मोबाइल भी छीन लिया।इसी बीच एक मोटरसाइकिल की आवाज सुनाई दी जिससे बदमाश जंगल मैं भाग गए। सहदेव ने उक्त धटना की जानकारी तुरन्त चिलबानी थाने मैं जाकर दी । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुरैना,कांस।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पाठक वाली गली में अशोक कुलश्रेष्ठ के मकान में किराये से रहने वाले अनिल पुत्र सुरेन्द्र चौहान उम्र 30 साल निवासी पुरावस थाना सिहोनिया ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना पुलिस ने शव का पोस्ट मार्डम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# (सफलता की कहानी)

## प्रधानमंत्री सिंचाई योजना से सिं्प्रकलर पाकर श्री राजेश शर्मा के जीवन में खुशहाली आई





**मुरैना,कांस।** मुरैना विकास खंड के ग्राम गंजरामपुर निवासी श्री राजेश शर्मा ने प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत कृषि विभाग से सिं्प्रकलर पाकर खेती को वैज्ञानिक तरीके से अपनाया है तो उनके जीवन में उन्नति के द्वार खुल गए है।उनके जीवन में खुशहाली भी आई है। गंजरामपुर निवासी राजेश शर्मा पूर्व से परंपरागत खेती करते आ रहे थे,फिर एक दिन वे कृषि विभाग में पहुंचे वहां पर उन्हें सलाह दी गई कि सिं्प्रकलर प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत सब्सिडी पर प्राप्त हो रहे हैं। श्री राजेश शर्मा ने सोचा कि शासन हमारी मदद करने के लिये तैयार है तो मैं भी एक सिं्प्रकलर सब्सिडी पर ले सकता हूँ।वह कहते है की कुछ समय बाद ही मैंने अपना आवेदन भरा और प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत मुझे 30 हजार रूपये की लागत से कृषि कार्य करने के लिये सिं्प्रकलर मिल गया। जिसमें मुझे 55 प्रतिशत की सब्सिडी भी प्राप्त हो गई। पिछले वर्ष मेरे द्वारा अपनी खेती को वैज्ञानिक तरीके से किया, जिसमें कम पानी में गेहूं की फसल की अच्छी पैदावार हुई।वह कहते है कि सिं्प्रकलर से पानी की तो बचत हुई, साथ ही फसल भी बम्पर पैदावार हुई तो उधर सिंचाई कम होने से से पैसों की भी बचत हो गई और दूसरा सिं्प्रकलर लेने पर मुझे शासन की सब्सिडी मिली और फसल में भी इजाफा हुआ। राजेश शर्मा कहते है कि मेरे जीवन में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना से बदलाव आया है एवं आय का स्त्रोत भी बड़ा है। मेरे परिवार में खुशियाँ भी आई है।वह कहते है की मैं जिले के समस्त किसानों से अपील करता हूँ कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत लाभ उठायें और अपनी आमदानी को दुगना करें।

# संत रविदास स्व-रोजगार योजना में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित मुरैना द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार के लिये बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिये संत रविदास स्व-रोजगार योजना संचालित की गई है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी ने बताया है कि संत रविदास स्व-रोजगार योजना में हितग्राहियों को बैंक के माध्यम से लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के अन्तर्गत 01 लाख से 25 लाख तक सेवा, खुदरा इकाई एवं 01 लाख से 50 लाख तक उद्योग इकाई के लिए ऋण बैंक के माध्यम से दिया जायेगा। बैंक द्वारा स्वीकृति, वितरण उपरान्त स्वीकृत, वितरण ऋण राशि पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा देय होगी। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये मुरैना जिले के पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के सभी आवेदकों से आवेदन पत्र स्वीकार किये गये है। इसके लिये आवेदक के पास आधार कार्ड होना चाहिये। आवेदक के पास अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र, आवेदक के पास मुरैना जिले का मूल निवासी प्रमाण-पत्र, आवेदक न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक की उम्र आवेदन दिनांक को 18 से 45 वर्ष मध्य हो। आवेदक को उद्योग इकाई एवं सेवा, खुदरा व्यवसाय का स्व-रोजगार स्थापित करने हेतु कार्य योजना सहित आवेदन करने पर बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। पात्रता रखने वाले शिक्षिक बेरोजगार युवक, युवती शासन द्वारा संचालित योजनाओं में बेवसाईटेंउेंजण्उचवदसपदमण्हवअण्पदपर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय परिसर मुरैना में जिला अंत्यावसायी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# दलित महिला की मारपीट की

**मुरैना,कांस।** जिले के चिन्नौनी थाना पुलिस ने दलित महिला की मारपीट कर जातिय अपमान करने वाले आरोपी के खिलाफमामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा में निवास करने वाली दलित महिला श्रीमती सुशीला पत्नी राजू जाटव अपने घर के सामने थी कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते आरोपी सोनू पुत्र बुद्धाराम राठौर ने महिला को जाति सूचक गंदी-गंदी गालिया देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफविभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# जन अभियान परिषद जौरा द्वारा जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत ग्राम भोपतपुर में किया नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन

## हमें बेहतर भविष्य के लिए इसे संरक्षित करना होगा - बी डी शर्मा



**मुरैना,कांस।** आज, कई जगह पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है। अगर हम पानी बर्बाद करेंगे, तो भविष्य में पानी कम हो जाएगा। हमें पानी का सावधानीपूर्वक उपयोग करके उसे बचाना चाहिए। नल बंद करना और वर्षा जल को संग्रहित करना जैसे छोटे-छोटे कदम मदद कर सकते हैं। पानी एक अनमोल उपहार है, और हमें बेहतर भविष्य के लिए इसे संरक्षित करना होगा यह बात जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद चंबल संभाग समन्वयक श्री धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, मुरैना के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह तोमर व जन अभियान परिषद जौरा ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में कही गई। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन ग्राम भोपतपुर किया गया। नवांकुर संस्था से श्री विष्णु सिंह तोमर ने बताया कि सरकार जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने के लिए काम कर रही हैं। वे भविष्य में उपयोग के लिए पानी को संग्रहीत करने के लिए बांध और जलाशय बना रहे हैं। जल प्रदूषण को रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं और लोगों को पानी का जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कई देश ऐसी तकनीकों में भी निवेश कर रहे हैं जो पानी को बचाने मदद करती हैं। नवांकुर संस्था से अलकेश राठौर ने कहा कि पानी प्रकृति का एक उपहार है जो जीवन के लिए आवश्यक है। यह मानव अस्तित्व, कृषि, उद्योगों और पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालाँकि, पानी की कमी और प्रदूषण गंभीर वैश्विक समस्याएँ बन गई हैं। अगर हम अभी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो आने वाली पीढ़ियाँ इससे पीड़ित होंगी। सभी को पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करके और प्रदूषण को रोककर पानी बचाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। लीक को ठीक करना, बर्बादी को कम करना और वर्षा जल का भंडारण करना जैसे छोटे-छोटे प्रयास बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आज पानी बचाने का मतलब है कल के लिए जीवन सुरक्षित करना। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से परीक्षित शर्मा, कैलाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, परामर्शदाता प्रशांत शर्मा, शिवानी शर्मा , जया बागड़े, विनोद शर्मा, श्रीकुमार शर्मा आदि सी एम सी एल डी पी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर पर सफाई कार्य किया गया

**मुरैना,कांस।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग मुरैना ने बताया कि 27 अप्रैल को ए.बी.सी. उपसंभाग क्रमांक-1 सबलगढ़ के विभागीय श्रमिकों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा जल गंगा संर्वधन अभियान 2025 के तहत साफ सफाई का कार्य किया गया। यह कार्य जनभागीदारी, जन सहयोग से किया गया। इस कार्य में सभी ने एकजुट होकर श्रमदान किया।



# भोपाल, इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया से जुड़ी सभी आवश्यक कार्यवाही समय-सीमा में हो पूरी : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री ने देखा प्रजेंटेशन



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए प्रस्तावित भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के विकास से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए और इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास की संभावनाओं के मद्देनजर कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि दोनों मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में सुगम यातायात व्यवस्था के लिये विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए योजना से जुड़ी समस्त एजेंसियां समन्वित रूप से कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राज्य मंत्री नगरीय विकास श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में भूमि का नियोजित रूप से विकास सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्र में औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए निवेशकों को अभी से प्रोत्साहित करें। इन क्षेत्रों में भविष्य को देखते हुए इकॉनामिक कॉरिडोर, सड़क परिवहन के साथ रेल परिवहन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इससे जुड़ी सभी कार्यवाही निश्चित समय- सीमा में पूरी की जाएं।

**दो मेट्रोपॉलिटन एरिया देवास-सीहोर जिलों में परस्पर भी जुड़ेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में एक साथ दो महानगरीय क्षेत्रों के गठन की पहल से इन्दौर और भोपाल के मध्य स्थित इलाकों के समग्र विकास में सहयोग मिलेगा। दोनों मेट्रोपॉलिटन एरिया परस्पर जुड़ने से प्रदेश का एक विशाल क्षेत्र समन्वित और एकीकृत विकास का उदाहरण बनेगा। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को भी क्रियान्वयन में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी दोनों महानगरीय क्षेत्रों के लिए जनप्रतिनिधियों से चर्चा के सत्र सम्पन्न हुए हैं। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इन क्षेत्रों के विकास में अपनी विरासत को संरक्षित रखने और पर्यावरण की दृष्टि से ग्रीन बेल्ट पर विशेष ध्यान देना होगा।

## योजनाओं का ऑनलाइन पंजीयन भी चौपाल पर

# उद्यानिकी विभाग की पानी चौपालबनी मुख्य आकर्षण



**भोपाल,ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में 30 मार्च से प्रारंभ किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान में उद्यानिकी विभाग द्वारा गाँव-गाँव में आयोजित की जा रही पानी चौपालआकर्षण का प्रमुख केन्द्र बन गई है। पानी चौपालमें मैदानी अमले द्वारा गाँव के किसानों को जल संरक्षण के साथ, कम पानी से होनी वाली फसलों, कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों को जोड़कर अधिक लाभ कमाने और नवीन उद्यानिकी तकनीकियों की समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही अभियान के दौरान ही फलोद्यान,?ड्रिप लाइन, प्लास्टिक मलचिंग, सब्जी क्षेत्र, मसाला क्षेत्र, पुष्प क्षेत्र विस्तार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये उद्यानिकी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल से पंजीयन भी कराया जा रहा है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप-मोर क्रॉपअंतर्गत 13 हजार 500 कृषकों को 76.68 करोड़ रूपये की लागत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग 5 हजार हैक्टेयर में फलदार पौधों का रोपण, सभी विकासखंड में उपलब्ध जल से सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से उचित प्रबंधन पर कार्यशालाओं का आयोजन करने तथा अभियान के लिये 25 लाख से अधिक फलदार पौधे उपलब्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिये पानी चौपालमें ही किसानों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की जा रही है।गुना जिले के गुना विकासखंड ग्राम अकावदा में, विकासखंड चाचौड़ा की ग्राम पंचायत उकविदा, शिवपुर, टीकमगढ़ जिले के विकासखंड जतारा के नतोवली ग्राम पंचायत सेवार, रतलाम जिले के सैलाना विकासखंड के ग्राम सलवानिया और ग्राम सोहौला, छतरपुर जिले के लवकुश नगर विकासखंड के ग्राम में, अशोक नगर जिले के विकासखंड मुगांवली की शासकीय संजय निकुंज गोपालिया में, नर्मदापुरम के विकासखंड माखननगर, मैहर जिले के विकासखंड मुख्यालय के ग्रामों में, सिवनी जिले के विकासखंड केवलारी के ग्राम खैराजी सहित प्रदेश के सेकड़ों ग्रामों में पानी चौपालों का आयोजन लगातार जारी है।

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का हर 5 साल में दोगुना उत्पादन करने का है लक्ष्य : राज्यमंत्री जायसवाल

**भोपाल,ब्यूरो।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विभाग का प्रत्येक 5 वर्ष में उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही विकसित भारत @ 2047 तक इसे 16 गुना किए जाने का लक्ष्य है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग लक्ष्य प्राप्त करने के लिए लोगों को प्रशिक्षण, नवीन उपकरणों का प्रदाय, नवीन इकाइयों एवं स्टार्ट-अप्स का संरक्षण एवं साधन उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। राज्य के सकल घरेलू उत्पादन में विभाग का 135.37 करोड़ रुपए का योगदान है, जिसे वर्ष-2047 तक 2165.92 करोड़ किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्पादन में वृद्धि के लिए नवीन इकाइयों का पंजीयन, नवीन विधाओं में प्रशिक्षण, निर्यात, नवीन डिजाइनों एवं रंगों का समावेश, उन्नत उपकरणों का प्रदाय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विक्रय प्रदर्शनियों का आयोजन एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवीन विक्रय केंदो की स्थापना का सुझाव रखा गया है। विभाग प्रदेश के सेमी अर्बन एवं ग्रामीण क्षेत्र के आधिकाधिक युवाओं की नवीन इकाइयों का पंजीयन, नवीन स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन, हाथकरघा एवं औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न विधाओं में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण, सम्मानजनक रोजगार के लिए मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है।

## उद्यानिकी विभाग की पानी चौपाल बनी मुख्य आकर्षण

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में 30 मार्च से प्रारंभ किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान में उद्यानिकी विभाग द्वारा गाँव-गाँव में आयोजित की जा रही पानी चौपाल आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बन गई है। पानी चौपाल में मैदानी अमले द्वारा गाँव के किसानों को जल संरक्षण के साथ, कम पानी से होनी वाली फसलों, कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों को जोड़कर अधिक लाभ कमाने और नवीन उद्यानिकी तकनीकियों की समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही अभियान के दौरान ही फलोद्यान,ड्रिप लाइन, प्लास्टिक मलचिंग, सब्जी क्षेत्र, मसाला क्षेत्र, पुष्प क्षेत्र विस्तार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये उद्यानिकी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल से पंजीयन भी कराया जा रहा है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप-मोर क्रॉप अंतर्गत 13 हजार 500 कृषकों को 76.68 करोड़ रूपये की लागत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग 5 हजार हैक्टेयर में फलदार पौधों का रोपण, सभी विकासखंड में उपलब्ध जल से सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से उचित प्रबंधन पर कार्यशालाओं का आयोजन करने तथा अभियान के लिये 25 लाख से अधिक फलदार पौधे उपलब्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के वास्तविक सदस्यों के हितों की होगी रक्षा

## समिति के सदस्यों और अधिकारियों के साथ राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने की बैठक

## टी.एण्ड.सी.पी, सहकारिता और नगर निगम के अधिकारियों को दिये निर्देश

### भू-माफिया के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई



**भोपाल,ब्यूरो।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के वास्तविक सदस्यों को आश्वस्त किया कि उन्हें भू-माफियाओं से डरने की आवश्यकता नहीं है। उनके हितों की पूरी-पूरी सुरक्षा की जायेगी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने सहकारिता, नगर निगम और टी.एण्ड.सी.पी. के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर सोमवार को निवास कार्यालय पर जन-सहयोग और सर्वोदय समिति के सदस्यों के साथ उनकी समस्या पर चर्चा कर रही थी।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर को खजूरी कला, भेल स्थित सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के सदस्यों ने समस्या से अवगत कराया। सदस्यों ने बताया कि वर्ष 1980 के दशक में पहली बार बनी सर्वोदय समिति में उनके द्वारा लिए गये भूखण्ड का विकास शुल्क दिया गया था। इसके बाद जन-सहयोग समिति ने विकास शुल्क लिया और अब एक अन्य भू-माफिया द्वारा उनके भूखण्डों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भू-माफिया द्वारा कॉलोनी में पार्क और अन्य कार्यों के लिए सुरक्षित भूमि को भूखण्डों के रूप में परिवर्तित कर हेरा-फेरी की जा रही है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने समिति के सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा विकास अनुमति नहीं दिये जाने के बावजूद जन-सहयोग एवं सर्वोदय समिति में कोई व्यक्ति रोड एवं नाली का निर्माण कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा कि टी.एण्ड.सी.पी. द्वारा पार्क आदि के लिए आरक्षित भूखण्ड को आवासीय भूखण्ड के रूप में कैसे दे सकता है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि टी.एण्ड.सी.पी., नगर निगम एवं सहकारिता विभाग तुरंत कार्यवाही करे और इस कॉलोनी में की जा रही अवैध गतिविधियों को तुरंत रोके। उन्होंने कहां कि सर्वोदय और जन-सहयोग समिति के वास्तविक सदस्यों के हितों की रक्षा की जाये। बैठक में एस.डी.एम. श्री एल.के. खरे, श्री रविश श्रीवास्तव, उप सहकारिता आयुक्त श्री आर.सी. विश्वकर्मा, उप आयुक्त नगर निगम और टी.एण्ड.सी.पी. से सुश्री सुनीता सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# सभी बाधाओं को दूर कर ग्रामीण एकल नल-जल प्रदाय योजना का संचालन तत्काल प्रारंभ कराएं : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण एकल नल-जल योजना की समीक्षा की



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण एकल नल-जल योजना की सभी बाधाओं का निराकरण करते हुए तत्काल संचालन प्रारंभ कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित पंचायतों के सरपंच के साथ बैठक कर जल प्रदाय की समस्याओं को दूर करें तथा एक पखवाड़े में सभी नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर सुगम संचालन सुनिश्चित कराएं।

राजनिवास सर्किट हाउस में रीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में एकल नल-जल योजना की ग्रामवार समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल प्रदाय योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइन में सुधार, पानी की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन आदि समस्याओं का निराकरण कराएं तथा संबंधित सरपंचों से योजना का संचालन कराएं ताकि घरों में जल प्रदाय समुचित ढंग से होने लगे। उन्होंने रीवा विधानसभा अन्तर्गत 14 ग्राम पंचायतों के 24 ग्रामों में जल प्रदाय के लिए निर्मित एकल नल-जल परियोजना के संबंधित संविदाकारों से पानी की सप्लाई की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि आवश्यक सुधार कार्य कराकर जल प्रदाय कराएं। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिवस में पुन~ बैठक कर की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि संबंधित सरपंचों, पीएचई के अधिकारियों तथा सचिव व ग्राम सहायक की समन्वित बैठक में जल प्रदाय की समस्याओं का निराकरण कर घर-घर पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।



# कटनी वन मण्डल की 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से किया मुक्त

**भोपाल,ब्यूरो।** वन मण्डलाधिकारी कटनी श्री गौरव शर्मा के नेतृत्व में कटनी वन मण्डल की 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कटनी वन मण्डल के वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के अंतर्गत शाहडार के घने जंगल के बीच आसपास के ग्रामवासियों के संरक्षण में अन्य जिलों के लोगों द्वारा कई वर्षों से वन भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। श्री शर्मा ने बताया कि पूर्व में भी अतिक्रमणकर्ताओं को समझाइश दी गयी थी कि इनके द्वारा भारतीय संविधान और वन विधि को नहीं माना गया। अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण कायम किया गया। कटनी जिला कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत रंजन द्वारा निर्देशित राजस्व विभाग के 5 सदस्यों और पुलिस के 10 सदस्यों की टीम के सहयोग से वन मण्डलाधिकारी कटनी श्री शर्मा के नेतृत्व में 70 वनकर्मियों द्वारा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस अभियान में वन विभाग के उप वन मण्डलाधिकारी श्री सुरेश बरोले, वन परिक्षेत्र अधिकारी ढीमरखेड़ा श्री अजय कुमार मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बोहरीबंद श्री देवेश गौतम और वन परिक्षेत्र अधिकारी रीठी श्री महेश पटेल शामिल थे। इस पूरी कार्रवाई में 30 से 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

# संविधान की रक्षा के लिए खड़ी है कांग्रेस : जीतू पटवारी

## कांग्रेस ने ग्वालियर से शुरू की राज्यव्यापी संविधान बचाओ रैली



**ग्वालियर,नसं.।** ग्वालियर के ऐतिहासिक वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि स्थल मैदान पर हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने संविधान बचाओ रैली के साथ भारत के संविधान की रक्षा और जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए एक व्यापक आंदोलन की शुरुआत की। इस रैली में प्रमुख कांग्रेस नेता, जिनमें मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और एआईसीसी सोशल मीडिया अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सह प्रभारी संजय दत्त, सीडब्लूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, सीडब्लूसी सदस्य ओमकार मरकाम, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, महिला अध्यक्ष विभा पटेल, राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, प्रदेश महसचिव प्रवीण पाठक, विधायक साहब सिंह गुर्जर, सुरेश राजे, पूर्व विधायक लाखन सिंह, सुनील शर्मा, शहर जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा समेत कांग्रेस के कई विधायक, वरिष्ठ नेता और हजारों की संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विशाल सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने घोषणा की ग्वालियर की ऐतिहासिक धरती से हम एक नई लड़ाई शुरू कर रहे हैं यह सत्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सोच के खिलाफ है जो संविधान को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि उस संविधान की रक्षा के लिए खड़ी है, जो गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाता है। हरीश चौधरी ने संविधान के महत्व पर जोर देते हुए कहा, संविधान हमें बोलने, जीने और चुनाव लड़ने का अधिकार देता है। आज हर अधिकार पर हमला हो रहा है। यह रैली केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता की शुरुआत है। श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत ने शासन की विफलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, 30000 से अधिक सरकारी पद खाली हैं ताकि एससी, एसटी और ओबीसी युवाओं को आरक्षण न देना पड़े। ठेके और आउटसोर्सिंग के जरिए नियुक्तियां की जा रही हैं।

### आगामी अभियान योजनाएं

- मध्यप्रदेश कांग्रेस ने राज्य भर में जनता की चिंताओं को उठाने के लिए बहु-चरणीय अभियान की घोषणा की: संविधान बचाओ रैलियां (28-30 अप्रैल): ग्वालियर रैली के बाद, जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट के खिलाफ राज्य भर में रैलियां आयोजित की जाएंगी।
- जिला स्तरीय रैलियां (3-10 मई): महंगाई और बेरोजगारी पर केंद्रित ये रैलियां हर जिले में जन समर्थन जुटाने के लिए आयोजित होंगी।
- विधानसभा स्तरीय जनजागरण अभियान (11-17 मई): हर विधानसभा क्षेत्र में नेता और कार्यकर्ता नागरिकों के अधिकारों पर हमलों और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ रैलियां निकालेंगे।
- घर-घर संवाद (20-30 मई, 2025): कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों के हनन पर घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे, साहित्य वितरित करेंगे और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करेंगे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954